प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



इजरायल, अमेरिका-ईरान युद्ध के पीछे का असली खेल कहीं तेल को तो नहीं! पेज- 2

पेज-6 बुंदेलखंड राष्ट्र समिति ने बलिदान दिवस पर दोहराई मांग

वर्ष : 15 अंक : 76 | शनिवार 07 मार्च, 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## अमेरिका ने दी रूसी तेल खरीद पर 30 दिन की छूट, कांग्रेस ने साधा निशानाय जयराम रमेश बोले,कब तक चलेगा ये ब्लैकमेल

नई दिल्ली। कांग्रेस ने अमेरिकी फैसले को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा।




अमेरिका की ओर से भारतीय रिफाइनरियों को रूसी तेल खरीदने के लिए अस्थायी छूट दिए जाने के बाद कांग्रेस ने इसे लेकर सवाल उठाए। पार्टी ने पूछा कि आखिर यह अमेरिकी ब्लैकमेल कब तक चलता रहेगा। कांग्रेस के संचार प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक कवितानुमा पोस्ट में कहा कि ट्रंप का नया खेल, दिल्ली दोस्त को कहा, पुतिन से ले सकते हो तेल, कब तक चलेगा, यह अमेरिकी ब्लैकमेल। ईरान के साथ बढ़ते संघर्ष के बीच, अमेरिका ने रूसी तेल खरीद पर 30–दिवसीय अस्थायी छूट जारी करने की घोषणा की है। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेस्सेंट ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प की ऊर्जा नीति के कारण तेल और गैस उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। वैश्विक बाजार में तेल का प्रवाह बनाए रखने के लिए, ट्रेजरी विभाग भारतीय रिफाइनरियों को रूसी तेल खरीदने की अनुमति देने के लिए एक अस्थायी 30–दिवसीय छूट जारी कर रहा है। बेस्सेंट ने स्पष्ट किया कि यह जानबूझकर अल्पकालिक उपाय रूसी सरकार को महत्वपूर्ण वित्तीय लाभ प्रदान नहीं करेगा, क्योंकि यह केवल उन तेल के लेन–देन को अधिकृत करता है, जो पहले से ही समुद्र में फंसे हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत अमेरिका का एक महत्वपूर्ण भागीदार है, और वाशिंगटन को उम्मीद है कि नयी दिल्ली अमेरिकी तेल की खरीद बढ़ाएगी। यह अस्थायी उपाय ईरान द्वारा वैश्विक ऊर्जा को बंधक बनाने के प्रयास से उत्पन्न दबाव को कम करेगा। यह ध्यान देने की बात है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहले भारत द्वारा रूसी तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क लगाया था। उस समय प्रशासन का तर्क था कि दिल्ली की खरीद रूस के यूक्रेन के खिलाफ युद्ध को बढ़ावा दे रही थी। पिछले महीने, अमेरिका और भारत ने व्यापार पर एक अंतरिम समझौते के लिए एक ढांचे पर पहुंचने की घोषणा की थी। इसके बाद, ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश जारी कर भारत पर लगे 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क को हटा दिया था, जिसमें नयी दिल्ली की मॉस्को से ऊर्जा आयात बंद करने और अमेरिकी ऊर्जा उत्पादों की खरीद बढ़ाने की प्रतिबद्धता को स्वीकार किया गया था।

# मिडल ईस्ट संकट पर रक्षामंती राजनाथ सिंह का बयान

## कहा- जो हो रहा वो सामान्य नहीं, पूरी दुनिया पर पड़ेगा असर

(एजेंसी) कोलकाता। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष का जिक्र करते हुए शुक्रवार को कहा कि बदलती भू–राजनीति के इस दौर में महासागर एक बार फिर दुनिया के शक्ति संतुलन के केंद्र में आ गए हैं और भारत की जिम्मेदारी है कि वह आत्मविश्वास एवं क्षमता के साथ नेतृत्व प्रदान करे। सिंह ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिम एशिया में हो रहे घटनाक्रम बेहद असामान्य हैं और क्षेत्र की स्थिति का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा, पश्चिम एशिया में जो हो रहा है, वह बेहद असामान्य है। इस समय इस पर कोई ठोस टिप्पणी करना कठिन है कि पश्चिम एशिया में परिस्थितियां आगे किस दिशा में जाएंगी। उन्होंने कहा, यदि हम होर्मुज जलडमरूमध्य या फारस



की खाड़ी के पूरे क्षेत्र को देखें तो यह दुनिया की ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। जब इस क्षेत्र में अशांति या व्यवधान होता है तो इसका सीध ा असर तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ता है। उन्होंने कहा, आज हम केवल ऊर्जा क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी आपूर्ति शृंखला में व्यवधान देख रहे हैं। इन अनिश्चितताओं का सीधा प्रभाव अर्थव्यवस्था और वैश्विक व्यापार पर पड़ता है।श्श सिंह ने कहा कि मौजूदा स्थिति ने महासागरों के महत्व को एक बार फिर रेखांकित किया है। उन्होंने कहा, बदलती वैश्विक भू–राजनीति के इस दौर में महासागर एक बार फिर दुनिया के शक्ति संतुलन के केंद्र में आ गए हैं। ऐसे समय में एक प्रमुख समुद्री राष्ट्र के रूप में भारत की जिम्मेदारी है कि वह आत्मविश्वास, क्षमता और स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ नेतृत्व प्रदान करे। रक्षा मंत्री ने हालांकि दो दिन पहले श्रीलंका के तट के पास अमेरिका द्वारा एक ईरानी युद्धपोत को डुबोए जाने की घटना का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई जिक्र नहीं किया। ईरानी युद्धपोत आईरिस देना भारत की मेजबानी में आयोजित मिलन बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास में हिस्सा लेने के बाद स्वदेश लौट रहा था। इस हमले में कम से कम 87 ईरानी सैन्यकर्मी मारे गए। यह घटना फारस की खाड़ी से बाहर अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष को दर्शाती है। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान पर सैन्य हमले किए थे जिनमें ईरान के सर्वोच्चा नेता अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए थे। इस सैन्य हमले के बाद ईरान ने मुख्य रूप से इजराइल और संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, कुवैत, जॉर्डन तथा सऊदी अरब समेत कई खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हुए हमले किए। पिछले तीन दिनों में दोनों पक्षों की ओर से हमलों और जवाबी हमलों के बीच यह संघर्ष काफी बढ़ गया है।

# वेबिनार में प्रधानमंत्री मोदी बोले

## कृषि क्षेत्र को नई ऊर्जा से भरना जरूरी

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार ने किसानों



का जोखिम कम करने और उनकी आय बढ़ाने के लिए जो पहल किये हैं उनके परिणाम दिख रहे हैं। पीएम मोदी ने बजट के पश्चात राष्ट्रीय वेबीनार की श्रृंखला में शुक्रवार को तीसरी वेबीनार का उद्घाटन करते हुए कहा कि करीब 10 करोड़ किसानों को चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की पीएम किसान सम्मान निध्ि ा मिली है। दिन भर के इस वेबीनार का विषय कृषि और ग्रामीण क्षेत्र में बदलाव है। प्रध ाानमंत्री ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में हुए सुधारों से अब किसानों को उनकी उपज पर डेढ़ गुना तक प्रतिफल मिल रहा है। किसानों को अब तीन चौथाई कर्ज संस्थागत क्षेत्र से मिल रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, ष्संस्थागत क्रेडिट कवरेज 75 प्रतिशत से अधिक हो चुका है। उन्होंने कहा कि पीएम फसल बीमा योजना के तहत लगभग दो लाख करोड़ रुपये के दावों के समाधान किए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ऐसे अनेक प्रयासों से किसानों का जोखिम बहुत कम हुआ है और उन्हें एक बुनियादी आर्थिक सुरक्षा मिली है। हम फसल विविधता पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। खाद्य तेल और दलहन पर राष्ट्रीय मिशन और प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन, दोनों ही कृषि क्षेत्र को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है। उन्होंने कहा कि इस प्रगति को और आगे ले जाने के लिए हमें वैज्ञानिक प्रबंधन पर ध्‍ यान केंद्रित करना होगा। पीएम मोदी ने कहा कि पशुधन का स्वास्थ्य भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। भारत अब टीकों के उत्पादन में आत्मनिर्भर हो चुका है। पशुओं को खुरपका–मुँहपका (फुट एंड माउथ) रोग से बचाने के लिए अब तक 125 करोड़ से अधिक टीके लगाए जा चुके हैं। श्री मोदी ने कहा कि ये टेक्नोलॉजी की सदी है, और सरकार का बहुत जोर कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी संस्कृति लाने पर भी है। प्रध ाानमंत्री ने वेबिनार में शामिल लोगों से भारतीय कृषि के भविष्य के बारे में सोने और योजनाओं के क्रियान्वयन को कारगर बनाने की अपील की। उन्होंने कहा, आज दुनिया स्वास्थ्य के संबंध में ज्यादा सतर्क है। समग्र स्वास्थ्य और उसमें ऑर्गेनिक भोजन पर बहुत रुचि है। भारत में हमें रसायनिक मुक्त खेती पर बल देना ही होगा, प्राकृतिक खेती पर बल देना होगा। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से रसायनिक मुक्त उत्पाद से दुनिया के बाजार तक पहुंचने में हमारे लिए एक राजमार्ग बन जाता है। उसके लिए प्रमाणन और प्रयोगशाला की व्यवस्था करने के बारे में सरकार सोच रही है।

## एमडीएमए तस्करों की महिलाओं ने आत्मदाह की पुलिस को दी धमकी

(एजेंसी) चित्तौड़गढ़। राजस्थान में चित्तौड़गढ़ जिले के गंगरार थाना क्षेत्र में नशीला पदार्थ एमडीएमए फैक्ट्री तोड़ने पहुंची पुलिस एवं प्रशासन के सामने फरार एवं गिरफ्तार तस्करों की महिलाओं ने खुद पर डीजल, पेट्रोल उड़ेलने के साथ घर में आग लगा दी और कारवाई नहीं होने दी। वृत्ताधिकारी शिवन्या सिंह ने शुक्रवार को बताया कि गत जनवरी में पुलिस ने जीवानायकों का खेड़ा में जगदीश बंजारा के मकान पर दबिश देकर बड़ी मात्रा में एमडीएमए रसायन, ड्रोन एवं अन्य उपकरण के अलावा 14 लाख रुपये नगद पकड़कर मादक पदार्थ फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया था तब मौके से जगदीश एवं उसके दोनों पुत्र फरार हो गये थे। इनमें जगदीश को हाल ही में पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि नशीले पदार्थ के तस्करों के विरुद्ध अभियान के तहत पुलिस ने गंगरार तहसील से उक्त फैक्ट्री स्थल के कागजात मांगे तो वहां पर इस सम्पत्ति के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। इस पर न्यायालय तहसीलदार से इस सम्पत्ति को ध्वस्त करने के आदेश लेकर वह खुद, थानाधिकारी, तहसीलदार, पटवारी के साथ भारी मात्रा में पुलिस दल लेकर पहुंचे, तो मौके पर ग्रामीण एकत्र होकर विरोध करने लगे। श्री सिंह ने बताया कि इसी बीच घर के अंदर मौजूद तस्करों के परिवार की महिलाओं ने खुद पर डीजल–पेट्रोल डालकर कार्रवाई करने पर आत्मदाह की धमकी देते हुए घर में ही कुछ जगह आग लगा दी। मौके पर हालात देखकर पुलिस और तहसीलदार लौट आये। उन्होंने बताया कि उक्त महिलाओं सहित ग्रामीणों के विरुद्ध राजकार्य में बाधा डालने का एक मामला तहसीलदार ने गंगरार थाने में दर्ज करवाया है।

## अमित शाह का बड़ा बयान- भारत 31 मार्च तक माओवादियों से मुक्त हो जाएगा

(एजेंसी) कटक। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत के 31 मार्च तक माओवादियों से मुक्त हो जाने का दावा करते हुए शुक्रवार को कहा कि सुरक्षा बल आंध्र प्रदेश के तिरुपति से नेपाल के पशुपति तक लाल गलियारा बनाने का सपना देखने वालों को पराजित करेंगे। शाह ने कटक जिले के मुंडाली में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 57वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि सीआईएसएफ प्रमुख प्रतिष्ठानों को सुरक्षा प्रदान करके देश की



आर्थिक वृद्धि में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा, आज, मैं राष्ट्र को आश्वस्त करना चाहता हूं कि देश 31 मार्च तक माओवादियों से मुक्त हो जाएगा। हमारी सेनाएं तिरुपति से पशुपति तक लाल गलियारा बनाने का सपना देखने वालों को पराजित करेंगी। शाह ने कहा कि प्रध ाानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश से नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकना सुरक्षा बलों के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने कहा, हमारे सुरक्षा बल अपेक्षाओं पर खरे उतरे हैं और देश अब लाल विद्रोहियों का सफाया करने के कगार पर है।

# सुखोई विमान हादसे पर रक्षामंती ने जताया शोक

## राहुल गाँधी ने शहीद पायलटों के परिवारों के प्रति संवेदना की जाहिर

(एजेंसी) नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने असम के कार्बी आंगलोंग इलाके में दुर्घटनाग्रस्त सुखोई विमान हादसे में वायु सेना के दो पायलटों के निधन पर शोक





व्यक्त किया है। सिंह ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, सुखोई–30 विमान हादसे में दोनों पायलटों स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट प्रवेश दुर्गाकर के निधन की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। देश के लिए उनकी हिम्मत और सेवा को हमेशा गर्व और आभार के साथ याद किया जाएगा।दुखी परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। दुख की इस घड़ी में देश उनके साथ मजबूती से खड़ा है। गौरतलब है कि वायु सेना का लड़ाकू विमान सुखोई–30 गुरुवार को असम के कार्बी आंगलोंग इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस दुर्घटना में दोनों वीर पायलटों की मौत हो गयी। वायु सेना ने शुक्रवार को इन दोनों पायलटों के निधन की पुष्टि की। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वायु सेवा के सुखोई विमान दुर्घटना में दो पायलटों के निधन पर शोक व्यक्त किया है। गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को अपने शोक संदेश में कहा, भारतीय वायुसेना के वीर जवान स्क्वाड्रन लीडर अनुज एवं फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश दुरागकर का विमान दुर्घटना में शहीद होने का समाचार अत्यंत दुःखद और पीड़ादायक है। भारत के इन वीर सपूतों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। इस दुख की घड़ी में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने असम के कार्बी आंगलोंग जिले में सुखोई–30 एमकेआई लड़ाकू विमान की दुर्घटना में दो पायलट के मारे जाने पर शुक्रवार को शोक व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्र के लिए उनकी सेवा और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। सोरेन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, असम में सुखोई–30 विमान की दुर्घटना और हमारे बहादुर जवानों–स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश दुरागकर के निधन की खबर से मुझे गहरा दुख हुआ है। राष्ट्र के लिए उनकी सेवा और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा, मेरी गहरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। दुख की इस घड़ी में हम उनके साथ खड़े हैं। गौरतलब है कि वायु सेना का सुखोई 30 गुरुवार को असम के कार्बी आंगलोंग इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस दुर्घटना में दोनों वीर पायलटों की मौत हो गयी। वायु सेना ने शुक्रवार को इन दोनों पायलटों के निधन की पुष्टि की।

## राजनीति, अंतरराष्ट्रीय संबंधों में लोग अंधकार की तरफ बढ़ रहे हैं : राहुल गांधी

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि मौजूदा समय में राजनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में लोग अंधकार की ओर बढ़ रहे हैं और ज्ञान से दूर हो रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता यह भी कहा कि चाहे राजनीति हो या अंतरराष्ट्रीय संबंध, दूसरे व्यक्ति को समझने की कोई कोशिश नहीं की जा रही और असहमति से मुकाबला करने के लिए हिंसा का सहारा लिया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा, आज हम अपनी राजनीति में, अंतरराष्ट्रीय संबंधों में देखते हैं कि हर कोई अंधकार की ओर भाग रहा है और ज्ञान से दूर जा रहा है। दूसरे व्यक्ति को समझने की कोई कोशिश नहीं की जाती है, आप बस उन्हें बम से उड़ा देते हैं और मार देते हैं। उन्होंने आरोप लगाया, हमारी राजनीति में भी ऐसा ही है। आप किसी से सहमत नहीं हैं, आप उस व्यक्ति पर हमला करते हैं या उनके प्रति हिंसक हो जाते हैं। वह यहां महात्मा गांधी और सुधारवादी संत श्री नारायण गुरु के बीच हुई



मुलाकात के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी और नारायण गुरु दोनों ऐसी हिंसा के खिलाफ थे और लोगों के बीच प्यार, सम्मान, क्षमा और समझ की पैरोकारी करते थे।

## हाजिर मांग से सोने की कीमतों में तेजी, चांदी के भाव भी चढ़ें

(एजेंसी) नई दिल्ली। मजबूत हाजिर मांग के कारण सटोरियों के ताजा सौदे करने से शुक्रवार को वायदा कारोबार में सोने की कीमत 848 रुपये बढ़कर 1,60,521 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में अप्रैल डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध का भाव 848 रुपये या 0.53 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,60,521 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। इसमें 1,272 लॉट का कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि प्रतिभागियों के नई खरीदारी करने से सोने की कीमतों में यह उछाल आया है। वैश्विक स्तर पर भी तेजी का रुख रहा, जहां न्यूयॉर्क में सोना वायदा 0.70 प्रतिशत बढ़कर 5,115.76 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। अमेरिकी व्यापार नीति को लेकर बनी अनिश्चितता और पश्चिम एशिया के तनाव के बीच शुक्रवार को वायदा कारोबार में चांदी की कीमत 1.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,65,447 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में मई डिलीवरी के लिए चांदी का भाव 3,256 रुपये या 1.24 प्रतिशत बढ़कर 2,65,447 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। इसमें 1,208 लॉट का कारोबार हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर भू–राजनीतिक अस्थिरता और अमेरिकी डॉलर में उतार–चढ़ाव के कारण निवेशकों द्वारा सुरक्षित निवेश के तौर पर नई खरीदारी करने से चांदी की कीमतों को समर्थन मिला है। विदेशी बाजारों में भी तेजी का रुख रहा, जहां न्यूयॉर्क में कॉमेक्स चांदी वायदा भाव 1.63 प्रतिशत बढ़कर 83.58 डॉलर प्रति औंस था।

# सम्पादकीय

## नितिन नवीन जाएंगे राज्यसभा!

राज्य सभा के लिए भाजपा ने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि बिहार से पार्टी ने दो उम्मीदवारों के नाम तय किए हैं। इनमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और शिवेश कुमार शामिल हैं। शिवेश कुमार राम बिहार की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख दलित चेहरों में गिने जाते हैं। वे लंबे समय से संगठन की राजनीति से जुड़े रहे हैं और पार्टी के भीतर एक अनुशासित और जमीनी कार्यकर्ता के रूप में पहचाने जाते हैं। शिवेश कुमार राम का राजनीतिक सफर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से शुरू हुआ, जहां से उन्होंने संगठनात्मक काम सीखा और बाद में भाजपा की सक्रिय राजनीति में आए। वे भोजपुर जिले की राजनीति से उभरे और 2010 में अगिआंव सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए। इस क्षेत्र में दलित और पिछड़े वर्ग के मतदाताओं की संख्या अधिक है। इसलिए यहां से उनकी जीत ने उन्हें राज्य स्तर पर पहचान दिलाई। उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि भी राजनीतिक रही है। उनके पिता मुन्नीलाल राम सासाराम लोकसभा क्षेत्र से सांसद रह चुके हैं और केंद्र सरकार में मंत्री भी रहे थे। इसी वजह से शिवेश कुमार राम को बचपन से ही राजनीति का माहौल मिला और सामाजिक मुद्दों की समझ विकसित हुई। परिवार की राजनीतिक विरासत ने उन्हें शुरुआती पहचान दी, लेकिन उन्होंने अपनी अलग राजनीतिक छवि संगठन और क्षेत्रीय काम के आधार पर बनाई। शिवेश कुमार राम ने विधायक रहते हुए सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और सरकारी योजनाओं के लाभ को गांवों तक पहुंचाने के मुद्दों पर काम किया। वे अनुसूचित जाति से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। पार्टी संगठन में भी उन्होंने जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक कई जिम्मेदारियां निभाई हैं। वे प्रदेश पदाधिकारी के रूप में भी काम कर चुके हैं और दलित समाज में भाजपा का आधार मजबूत करने की कोशिश करते रहे हैं। वहीं भाजपा की ओर से जारी सूची में सबसे बड़ा नाम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का है जो बिहार से उम्मीदवार बनाए गए हैं। हालांकि कुछ समय पहले तक भाजपा नेता कहते रहे हैं कि नितिन गडकरी और अमित शाह की तरह नितिन नवीन विधानसभा के सदस्य रहते हुए ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का काम संभालेंगे,लेकिन अब नितिन नवीन को राज्यसभा लाकर भाजपा संदेश दे रही है कि मिशन 2029 के लिए नितिन नवीन के नेतृत्व में पार्टी मजबूती से काम करेगी और इसे लेकर कोई संशय नहीं होना चाहिए। भाजपा ने बिहार से शिवेश कुमार को भी उम्मीदवार बना कर जातीय समीकरण साधे हैं। वे अनुसूचित जाति वर्ग से आते हैं. सासाराम से लोक सभा का चुनाव लड़ चुके हैं और अभी राज्य बीजेपी के महामंत्री हैं। इस तरह भाजपा ने कायस्थ और अनुसूचित जाति के उम्मीदवार बिहार से दिए हैं। चुनावी राज्यों पश्चिम बंगाल और असम में भी भाजपा ने स्थानीय नेताओं और संगठन से जुड़े चेहरों को मौका दिया है। पश्चिम बंगाल में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राहुल सिन्हा को उम्मीदवार बनाया गया है। वे लंबे समय तक राज्य में भाजपा की पहचान रहे हैं। बाद में अंदरूनी गुटबाजी के चलते वे हाशिए पर चले गए थे, लेकिन भाजपा इस बार प. बंगाल चुनाव में अंदरूनी मतभेदों को भुला कर मैदान में उतरी है इसीलिए पहले पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष को संगठन के कामों से जोड़ा गया और अब राहुल सिन्हा को जिम्मेदारी दी गई है। दूसरे चुनावी राज्य असम में भाजपा ने तेराश गोवाला और जोगेन मोहन को उम्मीदवार बनाया है। गोवाला अभी विधायक हैं जबकि जोगेन मोहन अभी हिमंता सरकार में मंत्री हैं। उनकी उम्मीदवारी से भाजपा ने आने वाले विधानसभा चुनावों में समीकरण साधने की कोशिश की है। वहीं हरियाणा से संजय भाटिया को उम्मीदवार बनाया गया है। वे प्रदेश अध्यक्ष बनने की दौड़ में भी हैं। वे करनाल से 2019 में सांसद रह चुके हैं और राज्य में सबसे बड़े मार्जिन से जीते थे। छत्तीसगढ़ से भाजपा ने लक्ष्मी वर्मा को राज्यसभा उम्मीदवार घोषित किया है। वे जिला पंचायत की अध्यक्ष रही हैं। ओबीसी वर्ग से आने वाली लक्ष्मी वर्मा बतौर प्रवक्ता राज्य भाजपा का चेहरा भी रही हैं। ओडिशा से भाजपा ने दो नामों की घोषणा की है। इनमें प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल और सुजीत कुमार शामिल हैं। सामल की अगुवाई में ही भाजपा ने ओडिशा में पहली बार अपने बूते सरकार बनाई थी जबकि सुजीत कुमार बीजेडी छोड़ कर भाजपा में आए थे। उन्हें फिर से राज्य सभा का उम्मीदवार बना कर भाजपा ने दलबदलुओं को संदेश दिया है।


नफीस जाफरी

## स्कूलों के ट्रैफिक मार्शलों को दिया जा रहा सात दिवसीय यातायात प्रशिक्षण

(संवाददाता) लखनऊ। माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में लखनऊ शहर में स्कूल खुलने और बंद होने के समय यातायात व्यवस्था को सुगम और सुदृढ़ बनाए जाने के उद्देश्य से विशेष पहल की गई है। इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त (यातायात) कमलेश दीक्षित के निर्देशन में स्कूल प्रबंधन की ओर से नियुक्त ट्रैफिक मार्शलों को यातायात पुलिस लाइन में सात दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शहर के 17 स्कूलों के कुल 97 ट्रैफिक मार्शल भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें यातायात नियमों की जानकारी, सड़क सुरक्षा के उपाय, स्कूल समय के दौरान वाहनों की सुचारु आवाजाही बनाए रखने के तरीके तथा आपात स्थिति में प्रभावी ढंग से कार्य करने के बारे में विस्तृत रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके साथ ही बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूलों के आसपास यातायात नियंत्रण की विशेष तकनीकों से भी अवगत कराया जा रहा है।यातायात पुलिस अधिकारियों के अनुसार इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य स्कूल समय के दौरान होने वाली यातायात की भीड़ को नियंत्रित करना, बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और अभिभावकों व वाहन चालकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। प्रशिक्षित ट्रैफिक मार्शल स्कूलों के आसपास यातायात को व्यवस्थित करने में यातायात पुलिस की सहायता करेंगे, जिससे जाम की समस्या को कम करने में भी मदद मिलेगी।अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान प्रशिक्षण सत्र के बाद शहर के अन्य स्कूलों में तैनात ट्रैफिक मार्शलों को भी इसी प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि लखनऊ में स्कूल समय के दौरान यातायात व्यवस्था को और अधिक बेहतर और सुरक्षित बनाया जा सके।

# इजरायल, अमेरिका-ईरान युद्ध के पीछे का असली खेल कहीं तेल को तो नहीं!


गुलफिशा खान

ईरान–इजरायल लगातार बढ़ते संघर्ष से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल तेजी से महंगा होने लगा है। बढ़ते तनाव के कारण बीते अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल के बाजार में ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत 80 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई। जिसके और भी बढ़ने की संभावना है। मिडिल ईस्ट में बढ़ते युद्ध ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में हलचल बढ़ी दी है। जंग की खबरों ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतों में जबरदस्त उछाल देखने को मिल रहा है। इससे पहले कच्चे तेल ने 18 जुलाई, 2024 को इस तरह की तेजी देखी थी। भू–राजनीतिक अस्थिरता और सप्लाई चेन में रुकावट की वजह से निवेशकों में डर का माहौल है। अगर युद्ध और लंबा चलता है, तो कीमतों में उतार–चढ़ाव और भी बढ़ेगी। जैसा कि उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इजरायल के बीते शनिवार को ईरान पर हमला करने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया है। इसका मतलब है कि तेल कंपनियों के मुनाफा बढ़ने की पूरी संभावना है। पर असली सवाल यह है कि क्या इस युद्ध से तेल कंपनियां तेल और गैस के नए प्रोजेक्ट्स में ज्यादा निवेश भी करेंगी? साथ ही इस जंग से अमेरिकी तेल कंपनियों की कमाई पर क्या असर पड़ने वाला है। जब भी दुनिया में कोई भू–राजनीतिक संकट होता है और तेल की सप्लाई रुकने का डर पैदा होता है, तेल की कीमतें बढ़ती हैं और कंपनियों के मुनाफे भी उछल जाते हैं। रूस–यूक्रेन युद्ध के बाद भी ऐसा ही हुआ था। 2022 की तीसरी तिमाही में तेल कंपनियों ने मिलकर 30 अरब डॉलर से भी ज्यादा कमाया था, क्योंकि उस समय तेल और गैस के दाम बढ़ गए थे। बीते मंगलवार को ब्रेंट तेल की कीमत थोड़ी देर के लिए 85 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चली गई।



यूरोप में प्रा.तिक गैस की कीमतें भी 2023 के बाद सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गईं। यह बढ़ोतरी इसलिए हुई क्योंकि होर्मुज़ जलडमरूमध्य लगभग बंद है, जहां से दुनिया की लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल की सप्लाई गुजरती है। कतर ने गैस का उत्पादन रोक दिया है, इसलिए गैस की कीमतें भी बढ़ीं। जॉन किलडफ के अनुसार, "ऐसी स्थिति में तेल उत्पादक कंपनियां जरूर फायदे में रहती हैं। इससे उनकी कमाई जरूर बढ़ेगी।" हालाँकि, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि ऊंची कीमतें कब तक बनी रहती हैं। एक्सपर्ट का कहना है कि कंपनियां तभी नए कुएं खोदेंगी या बड़ा निवेश करेंगी, जब उन्हें लगेगा कि यह सप्लाई रुकावट लंबे समय तक चलेगी। बड़े प्रोजेक्ट्स शुरू होने में महीनों या सालों का समय लगता है, इसलिए उन्हें स्थिर और लंबे समय तक ऊंची कीमतों का भरोसा चाहिए। डैन पिकरिंग का कहना है कि अगर होर्मुज़ लंबे समय तक बंद रहा तो तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती हैं। लेकिन यह पक्का नहीं है।" अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि जरूरत पड़ने पर अमेरिकी नेवी तेल टैंकरों का इस्तेमाल करेगी और अमेरिका शिपिंग को इंश्योरेंस देगा। यह घोषणा होते ही तेल की कीमतों में थोड़ा गिरावट आई। अगर अमेरिका, चीन या दूसरे देश अपनी आपातकालीन तेल भंडार बाजार में छोड़ देते हैं, तो कीमतें और गिर सकती हैं। फिलहाल बाजार मान रहा है कि यह एक शॉर्ट–टर्म समस्या है। हालांकि अमेरिकी तेल और गैस उद्योग इस स्थिति का लाभ उठा सकता है, पर वे इतनी जल्दी मिडिल ईस्ट की कमी को पूरी तरह भर नहीं सकते। कुछ सेक्टरों ने पहले ही फायदा देखना शुरू कर दिया है– अमेरिका के गल्फ कोस्ट रिफाइनर्स की कमाई बढ़ी है क्योंकि वहां प्रोसेस की गई पेट्रोल–डीज़ल की मांग बढ़ गई है। एलएनजी निर्यातकों को फायदा हुआ है। लेकिन नया तेल निकालने या गैस उत्पादन बढ़ाने में समय लगता है। आमतौर पर महीनों से लेकर कई साल तक. विशेषज्ञों के अनुसार निवेश सबसे पहले वहीं जाएगा जहां जल्दी नतीजे मिलते हैं। जैसे अमेरिकी पर्मियन बेसिन. यहां कंपनियाँ पहले से काम कर रही हैं नए कुएं जल्दी तैयार हो जाते हैं। निवेश का फायदा जल्दी मिलता है। इसके अलावा वेनेजुएला में लंबे समय वाले प्रोजेक्ट्स जैसे गहरे समुद्र में ड्रिलिंग वाले प्रोजेक्ट्स मुनाफा कमा कर दे सकते हैं।

# ट्रंप की बड़ी चिंता-अमेरिका का ख़त्म होता हथियारों का ज़ख़ीरा?


फरीद वारसी

ईरान से जारी जंग के बीच डोनाल्ड ट्रंप सरकार व्हाइट हाउस में अमेरिका की सबसे बड़ी रक्षा कंपनियों के अधिकारियों से मिली। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) ईरान पर हमलों और हाल के दूसरे सैन्य अभियानों के बाद तेजी से खाली हो रहे हथियारों के भंडार को फिर से भरने पर काम कर रहा है। इसलिए इस बैठक में हथियारों का उत्पादन तेज करने पर चर्चा हुई। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने यह रिपोर्ट इस योजना से परिचित पांच लोगों के हवाले से छापी है। सूत्रों ने बताया कि लॉकहीड मार्टिन और रेथियॉन की मूल कंपनी समेत कई महत्वपूर्ण सप्लायर कंपनियों को इस बैठक में बुलाया गया था। उन्होंने अपनी पहचान न बताने की शर्त पर यह बात कही क्योंकि यह बातचीत प्राइवेट है। यह बैठक दिखाती है कि वॉशिंगटन में हथियारों के भंडार को मजबूत करने की कितनी जल्दबाजी महसूस की जा रही है। ईरान में जारी जंग के शुरुआती 4 दिनों में ही बड़ी मात्रा में हथियारों का इस्तेमाल हुआ है। इस रिपोर्ट के अनुसार 2022 में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने और इजरायल द्वारा गाजा में सैन्य अभियान शुरू करने के बाद से अमेरिका अपने हथियारों के भंडार से अरबों डॉलर के हथियार इस्तेमाल कर चुका है। इनमें तोपखाना सिस्टम, गोला–बारूद और एंटी–टैंक मिसाइलें शामिल हैं। अब जारी ईरान के संघर्ष में उन लंबी दूरी की मिसाइलों का भी ज्यादा इस्तेमाल हुआ है, जो कीव को दी गई मिसाइलों से भी अधिक दूरी तक मार कर सकती हैं। अब तक अमेरिकी सेनाओं ने पिछले कुछ दिनों में ईरान की सैकड़ों बैलिस्टिक मिसाइलों को गिराया है। लेकिन इससे यह सवाल उठ रहा है कि अगर यह युद्ध कई हतों तक चलता रहा तो अमेरिका के पास एयर डिफेंस इंटरसेप्टर मिसाइलें कितने समय तक बचेंगी। ईरान ने शनिवार, 28 फरवरी को शुरू हुए अमेरिका–इजरायल के बड़े हवाई हमले के जवाब में खाड़ी के उन देशों पर सैकड़ों मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं, जहां अमेरिकी सैनिक और उसके सैन्य अड्डे मौजूद हैं। न्यूज एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार सोमवार को अमेरिका के शीर्ष सैन्य अधिकारी जनरल डैन केन ने कहा कि युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका ने



"सैकड़ों बैलिस्टिक मिसाइलों को रोक दिया है जो अमेरिकी सेनाओं, उनके पार्टनर देशों और क्षेत्रीय स्थिरता को निशाना बना रही थीं।" यह तो सही है कि इन मिसाइलों को रोकना एक सफलता है क्योंकि इससे वे अपने लक्ष्य पर नहीं गिर पाईं। लेकिन इसकी कीमत भी है, क्योंकि इन्हें रोकने के लिए महंगी और आधुनिक इंटरसेप्टर मिसाइलें इस्तेमाल करनी पड़ती हैं, जिनकी संख्या सीमित है। रिपोर्ट के अनुसार थिंक–टैंक स्टिम्सन सेंटर की सीनियर एक्सपर्ट केली ग्रिको ने कहा कि "ऐसा खतरा है कि इससे पहले कि ईरान की मिसाइलें खत्म हों, अमेरिका और उसके साथी देशों के पास इंटरसेप्टर मिसाइलें खत्म हो सकती हैं। हालांकि यह पूरी तरह निश्चित नहीं है।" युद्ध की शुरुआत में इजरायल ने अनुमान लगाया था कि ईरान के पास लगभग 2,500 बैलिस्टिक मिसाइलें हैं। ग्रिको के अनुसार यह संख्या "संभवतः अमेरिका और इजरायल के कुल इंटरसेप्टर मिसाइलों से भी ज्यादा है।" हालांकि अमेरिका और इजरायल मिसाइल लॉन्च करने वाले ठिकानों और भंडारण स्थानों को ढूंढकर नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए असल मुकाबला यह है कि ईरान कितनी तेजी से मिसाइलें लॉन्च करता है और अमेरिका–इजरायल कितनी तेजी से उनके लॉन्च ठिकानों को नष्ट करते हैं। अमेरिका के जनरल डैन केन ने कहा कि ईरानी ड्रोन भी खतरा हैं, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि कितने ड्रोन गिराए गए। उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि "हमारी प्रणालियां इन ड्रोन से निपटने में प्रभावी साबित हुई हैं और तेजी से लक्ष्य पर हमला कर रही हैं।" इसपर ग्रिको ने कहा कि ड्रोन को गिराने के लिए भी इंटरसेप्टर इस्तेमाल हो रहे हैं, लेकिन मिसाइलों जितने बड़े स्तर पर नहीं. असली कमी बैलिस्टिक मिसाइल इंटरसेप्टर की है। युद्ध कितने समय तक चलेगा, यह भी तय करेगा कि कितने इंटरसेप्टर की जरूरत पड़ेगी। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि संघर्ष कितने समय तक चलेगा। अमेरिकी अधिकारियों, जिनमें डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल हैं, ने कहा है कि यह युद्ध कई हतों तक चल सकता है. हालांकि सोमवार को ट्रंप ने कहा, "हम अपनी तय समय–सीमा से पहले ही काफी आगे बढ़ चुके हैं।" उन्होंने कहा, "शुरुआत में हमने चार से पांच हतों का अनुमान लगाया था, लेकिन हमारे पास उससे ज्यादा समय तक युद्ध चलाने की क्षमता है।" अमेरिकी रक्षा प्रमुख पीट हेगसेथ ने पहले कहा था कि युद्ध की समय–सीमा अलग–अलग हो सकती है, "चार हते, दो हते, छह हते। यह कम भी हो सकता है या ज्यादा भी।" ऐसे में अटलांटिक काउंसिल के रक्षा कार्यक्रम के डॉयरेक्टर जो कोस्टा ने कहा कि "अगर ईरान के साथ युद्ध लंबा चलता है तो इससे अमेरिका के महत्वपूर्ण एयर डिफेंस इंटरसेप्टर भंडार पर भारी दबाव पड़ सकता है, जिनकी जरूरत चीन और अन्य वैश्विक चुनौतियों के लिए भी है।" उन्होंने कहा, "यह इस बात पर निर्भर करेगा कि अमेरिका और इजरायल ईरान की मिसाइल और ड्रोन लॉन्च करने की क्षमता को कितनी जल्दी खत्म कर पाते हैं। " ग्रिको ने कहा कि इंटरसेप्टर मिसाइलों के मामले में उत्पादन मांग के बराबर नहीं चल पा रहा है। उन्होंने कहा, "यूरोप, इंडो–पैसिफिक और मध्य–पूर्व– हर क्षेत्र में मिसाइल रक्षा सिस्टम और इंटरसेप्टर की भारी जरूरत है। लेकिन अमेरिका उन्हें जितनी तेजी से इस्तेमाल कर रहा है, उतनी तेजी से उन्हें बना नहीं पा रहा।"

# सुप्रीमकोर्ट में आठवीं की किताबः संस्थागत गरिमा बनाम शैक्षिक स्वायत्तता

अरुण कुमार डनायक

हाल ही में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में सम्मिलित एक अध्याय ने व्यापक सार्वजनिक एवं विधिक विमर्श को जन्म दे दिया है। हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका शीर्षक अध्याय में न्यायिक व्यवस्था के समक्ष उपस्थित चुनौतियों का उल्लेख करते हुए न्यायपालिका के विभिन्न स्तरों पर भ्रष्टाचार तथा न्यायाधीशों की कमी, जटिल विधिक प्रक्रियाओं और कमजोर अवसंरचना के कारण लंबित भारी बोझ को रेखांकित किया गया है। उल्लेखनीय है कि लगभग 80 हजार मामले सर्वोच्च न्यायालय में, 60 लाख उच्च न्यायालयों में और करीब पांच करोड प्रकरण निचली अदालतों में लंबित हैं। पाठ्यपुस्तक में भ्रष्टाचार का उल्लेख करते हुए न्यायाधीशों की आचार–संहिता, शिकायत–निवारण तंत्र, 1,600 से अधिक शिकायतों तथा महाभियोग जैसी संवैधानिक प्रक्रिया का भी विवरण दिया गया है। इसमें केवल आरोप नहीं, बल्कि जवाबदेही की संरचना भी स्पष्ट की गई है। गंभीर मामलों में संसद श्महाभियोगश द्वारा न्यायाधीश को पदच्युत कर सकती है, यद्यपि यह प्रक्रिया समुचित जाँच और निष्पक्ष अवसर के बाद ही आगे बढ़ती है। यह स्वीकार किया गया है कि विशेषकर गरीब और वंचित वर्ग कभी–कभी भ्रष्टाचार का अनुभव करते हैं, इसलिए पारदर्शिता, प्रौद्योगिकी और त्वरित कार्रवाई के माध्यम से न्यायिक व्यवस्था में विश्वास सुदृढ़ करने के प्रयास जरूरी हैं। विवाद का केंद्र यह नहीं था कि पाठ्यपुस्तक ने न्यायिक व्यवस्था की चुनौतियों का उल्लेख किया, बल्कि यह आपत्ति थी कि भ्रष्टाचार की चर्चा केवल न्यायपालिका के संदर्भ में की गई, जबकि राजनीति, कार्यपालिका और नौकरशाही जैसे अन्य क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं का समतुल्य उल्लेख नहीं था। कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी सहित अनेक वरिष्ठ अधि ावक्ताओं ने प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष यह तर्क रखा कि इस प्रस्तुतिकरण से एक असंतुलित छवि निर्मित होती है, जो विद्यार्थियों में धारणा बना सकती है, मानो भ्रष्टाचार का प्रश्न मुख्यतरू या विशिष्ट रूप से न्यायपालिका से ही जुड़ा है। प्रध ाान न्यायाधीश सूर्यकांत ने इस विषय को गंभीर बताते हुए कहा कि वे श्किसी को भी संस्था को बदनाम करने की अनुमति नहीं देंगे।श उन्होंने संकेत दिया कि यह एक श्सुनियोजित और गहनश विषय हो सकता है। गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस प्रकरण में केवल स्वतरू संज्ञान लिया थाय उसने न तो कोई अंतरिम प्रतिबंध लगाया था, न ही पाठ्यपुस्तक पर रोक का आदेश पारित किया था। इसके बावजूद सरकार ने न्यायालय की अंतिम टिप्पणी या विस्तृत सुनवाई की प्रतीक्षा किए बिना पूरी पुस्तक को ही वापस लेने का निर्णय कर लिया। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या यह कदम न्यायिक आदेश के अनुपालन में था, अथवा संभावित असहमति से पूर्व ही आत्मसमर्पण की प्रवृत्ति का संकेत? लोकतांत्रिक व्यवस्था में संस्थागत संवाद की अपेक्षा की जाती है, न कि आशंकाओं के आधार पर त्वरित वापसी की। प्रश्न उठता है कि क्या न्यायपालिका, अधिवक्ताओं व सरकार द्वारा की गई कार्रवाई निष्पक्ष और विवेकपूर्ण थी? यदि पाठ्यपुस्तक में वही तथ्य उल्लिखित थे, जिन्हें स्वयं न्यायपालिका और पूर्व मुख्य न्यायाधीश भी समय–समय पर स्वीकार करते रहे हैं और जिनके परिप्रेक्ष्य में आत्ममंथन तथा संस्थागत सुधार की आवश्यकता पर बल दिया गया है, तो फिर उन्हें हटाना क्या वास्तव में समाध ाान कहा जा सकता है? अतीत में कुछ न्यायाधीशों पर लगे गंभीर आरोपों ने न्यायपालिका की पारदर्शिता पर प्रश्न खड़े किए हैंकृकर्नाटक उच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश पीडी दिनाकरन पर आय से अधिक संपत्ति के आरोपों के बाद महाभियोग की प्रक्रिया प्रारंभ हुई थी। इसी प्रकार, न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आधिकारिक आवास से जले हुए नोटों की बरामदगी ने व्यापक सार्वजनिक बहस को जन्म दिया था। ऐसे प्रकरणों में जाँच धीमी संस्थागत प्रक्रिया के तहत आगे बढ़ती रही, किंतु जनमानस में यह प्रश्न बना रहा कि जवाबदेही त्वरित और दृश्य रूप में क्यों नहीं उभरती। अधीनस्थ न्यायालयों पर यह आरोप उठते रहे हैं कि पेशियों की तिथियाँ बढ़वाने, कार्य–सूची में हेर–फेर करने या न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने हेतु रिश्वत का लेन–देन होता है। विशेष रूप से जमानत संबंधी मामलों में यह धारणा भी व्यक्त की जाती रही है कि उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों के बावजूद निचली अदालतों में अनावश्यक विलंब या कठोरता देखी जाती है। यद्यपि ऐसे आरोप पूरी न्याय–व्यवस्था पर नहीं लगाए जा सकते, लेकिन उनकी पुनरावृत्ति संकेत देती है कि निचले स्तर पर निगरानी और पारदर्शिता को और सुदृढ़ करना आवश्यक है। न्यायपालिका की वास्तविक गरिमा केवल उच्च आदर्शों से नहीं, बल्कि प्रत्येक स्तर पर निष्पक्षता के प्रत्यक्ष अनुभवों से स्थापित होती है। लोकतंत्र में संस्थाएँ केवल शक्तिशाली नहीं, उत्तरदायी भी होती हैं। यदि किसी संस्था पर लगे आरोपों की चर्चा को ही अवमानना या बदनामी मान लिया जाए, तो विमर्श का दायरा संकुचित हो सकता है। साथ ही, यह भी उतना ही सत्य है कि आलोचना तथ्याधारित, संतुलित और मर्यादित होनी चाहिए। यदि समर्थ संस्थाएँ आलोचनात्मक उल्लेख पर त्वरित दमनात्मक प्रतिक्रिया देंगी, तो यह प्रवृत्ति अन्य क्षेत्रों में भी उदाहरण बन सकती है। एनसीईआरटी एक स्वायत्त शैक्षिक संस्था है, जिसका दायित्व अकादमिक मानकों और विशेषज्ञों की अनुशंसाओं के आधार पर पाठ्यक्रम निर्धारण करना हैय किंतु समय–समय पर उस पर राजनीतिक अथवा वैचारिक दबावों के आरोप लगते रहे हैं। इतिहास की पुस्तकों में अध्यायों के पुनर्लेखन और विलोपन के विवाद तो चर्चित रहे ही हैं, परंतु विज्ञान के क्षेत्र में भी बहस उठी है, विशेषतरू जब कक्षा 9–10 के पाठ्यक्रम से चार्ल्स डार्विन के श्विकासवादश के सिद्धांत से संबंधि ात अंशों को हटाए जाने का निर्णय लिया गया। ऐसे प्रसंग शिक्षा की स्वायत्तता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और अकादमिक स्वतंत्रता पर व्यापक प्रश्न खड़े करते हैं। यह विवाद केवल एक अध्याय का नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक परिपक्वता की वास्तविक परीक्षा का है। न्यायपालिका की गरिमा और जनविश्वास की रक्षा उतनी ही अनिवार्य है जितना यह सुनिश्चित करना कि हमारी शिक्षा यथार्थ से आंखें न मूंदे। संस्थाओं की मजबूती आलोचना के अभाव में नहीं, बल्कि पारदर्शिता, आत्मसुध ाार और निर्भीक संवाद से ही आती है। सवाल यह नहीं कि भ्रष्टाचार का उल्लेख क्यों हुआ, बल्कि यह है कि क्या हमारी संस्थाएँ इतनी आत्मविश्वासी हैं कि वे आलोचनात्मक विमर्श को चुनौती के रूप में स्वीकार कर सकें। लोकतंत्र में न्याय, शिक्षा और अभिव्यक्तिकृतीनों का संतुलित होना ही असली संस्थागत गरिमा की कसौटी है, और यही हमारी सच्ची परीक्षा है।

# आवारा कुत्तों का आतंक : अलग-अलग स्थानों पर तीस से अधिक लोग घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

अफजलगढ़, बिजनौर। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। अलग–अलग स्थानों पर कुत्तों के हमले में 30 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर एंटीरेबीज इंजेक्शन लगाकर उपचार दिया गया। जानकारी के अनुसार अफजलगढ़ क्षेत्र में आवारा कुत्तों ने आरुष भट्ट निवासी भिक्कावाला, युग निवासी शाहपुर जमाल, आर्यन निवासी फतेहपुर धारा, अंश निवासी कुराली, तनु निवासी सलावतनगर, गजेंद्र निवासी नावका, उज्ज्वल व प्रिंस निवासी रसूलपुर, सचिन निवासी भगौता, डिंपल निवासी खिजरपुर, अफान निवासी कुराली, रिकवेंद्र निवासी भोगपुर, विजयपाल और बृजेश निवासी मकसूदाबाद को काटकर घायल कर दिया। वहीं कासमपुर गढ़ी क्षेत्र में भी कुत्तों ने कई लोगों को निशाना बनाया। इनमें कमलेश निवासी सादकपुर, परविंदर निवासी भगतावाला, लईक निवासी मानियावाला, गुरुशबद निवासी केहरीपुर, अरशद निवासी नवाबाद, राजू निवासी कासमपुर गढ़ी, प्रकाश निवासी चंडिका, रोहित निवासी हिदायतपुर, पंकज निवासी कासमपुर गढ़ी, सोनाक्षी व निशा निवासी मीरापुर, मुस्कान व बाबू निवासी उधोवाला, मोहम्मद रियान निवासी रेहड़, सोमपाल निवासी मानियावाला, प्रियांश निवासी कालागढ़ और सदफ निवासी कासमपुर गढ़ी शामिल हैं। लगातार हो रही इन घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़वाने और समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

## आए दिन लगने वाले जाम से परेशान यात्री

न्यूज वाणी ब्यूरो

जौनपुर। मुंगरा बादशाहपुर बाजार में प्रतिदिन कई घंटे तक जाम लग जाता है, जिसकी वजह से यात्री परेशान हो जाते हैं। इस समय गर्मी का सीजन चालू हो गया है। बस में बैठे बच्चे परेशान होकर उलटियां करना शुरू कर देते हैं लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। सबसे बड़ी समस्या बादशाहपुर में रेलवे फाटक है। काफी दिनों से लोगों की मांग हो रही है या तो बाईपास दिया जाए या फिर रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण किया जाए, यदि कोई ट्रेन आती है। दोनों तरफ से ट्रैफिक जाम हो जाती है उसको निकालने में कई घंटे लग जाते है, जिसकी वजह से यात्री तो परेशान होते ही है। यदि उसे बीच में कोई मरीज फस गया या फिर एंबुलेंस फस गया तो काफी समस्या हो जाती है। दुकान वालों से बात करने पर उनका कहना होता है कभी–कभी तो जाम की वजह से ज्यादा बीमार व्यक्ति बाजार में ही दम तोड़ देता है जिसके लिए काफी दिनों से सरकार से जनता मांग कर रही है लेकिन विधायक का इस पर कोई ध्यान नहीं है। कभी–कभी विधायक भी जाम में फंस जाते हैं लेकिन उसके बाद भी यात्री तथा जनता की इस समस्या पर ध्यान नहीं देते सरकार को इस बात को ध्यान में रखते हुए बादशाहपुर में बाईपास का निर्माण करा कर इस समस्या से यात्री व जनता को उबार सके। जाम लगने की वजह से कभी–कभी पैदल यात्री भी दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं जो कि गरीब होते हैं उनकी तरफ भी प्रशासन का ध्यान नहीं जाता।

## जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन रहा अलर्ट

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। माह रमजान के चलते शुक्रवार के दिन नगर में जुमे की नमाज पुलिस प्रसाशन की कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण रूप से सभी मस्जिदों में अलग अलग समय में देश की उन्नति अमनो अमान की दुआओं के



साथ अदा की गई। पिछले दिनों अमेरिका इजरायल द्वारा संयुक्त रूप से इरान पर हमला किया गया था जिसमे इरान के अली हुसैनी अयातुल्ला खामेनेई शिया उलेमा राजनेता पूर्व राष्ट्रपति की मौत हो गई थी जिसको लेकर भारत में अल्पसंख्यक बाहुल्य शहरों में शिया व सुन्नी समाज के लोगों द्वारा अमेरिका इजरायल के खिलाफ नाराजगी दिखाते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया था। इसी को लेकर जनपद में कानून व्यवस्था के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश अनुसार थाना प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सैनी द्वारा नगर की सभी मस्जिदों के बहार सुरक्षा व्यवस्था बनाई रखी एवं बिना किसी परमिशन के किसी भी तरह के जलूस पर सख्ती से निगरानी रखी गई। इसी विषय में थाना प्रभारी द्वारा सभी धर्मगुरु से संवाद करते हुए जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सहयोग की अपील गई।

## महिला थाने में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन

### - एक जोड़ा साथ रहने को हुआ राजी

न्यूज वाणी ब्यूरो

मैनपुरी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर महिला थाना मैनपुरी में हर शुक्रवार की तरह इस सप्ताह भी परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन किया गया। इस दौरान परिवारों के बीच चल रहे विवादों को आपसी समझौते के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया गया। परिवार परामर्श केंद्र में पति–पत्नी और उनके परिजनों के बीच चल रहे विवादों को शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त कराने के लिए काउंसलिंग की गई। केंद्र के सदस्यों ने दोनों पक्षों को बैठाकर उनकी समस्याओं को सुना और आपसी बातचीत के माध्यम से मतभेद दूर कराने का प्रयास किया। आज आयोजित बैठक में कुल आठ प्रकरणों पर सुनवाई की गई। काउंसलिंग के दौरान एक दंपति आपसी मतभेद भुलाकर फिर से साथ रहने के लिए तैयार हो गया। इसके बाद परिवार परामर्श केंद्र के सदस्यों ने दोनों को समझाइश देकर खुशी–खुशी विदा किया। वहीं अन्य मामलों में दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद अगली तारीख निर्धारित की गई, ताकि आगे भी बातचीत के जरिए समाधान निकाला जा सके। परिवार परामर्श केंद्र की सदस्य आराधना गुप्ता ने बताया कि केंद्र का मुख्य उद्देश्य परिवारों को टूटने से बचाना और पति–पत्नी के बीच चल रहे विवादों को आपसी समझौते से सुलझाना है। उन्होंने कहा कि कई बार छोटी–छोटी बातों को लेकर परिवारों में मतभेद बढ़ जाते हैं, जिन्हें बातचीत और समझदारी से दूर किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि परिवार परामर्श केंद्र के माध्यम से दोनों पक्षों को धैर्यपूर्वक सुना जाता है और उन्हें एक–दूसरे की भावनाओं को समझने की सलाह दी जाती है, ताकि परिवार में फिर से खुशहाली लौट सके। महिला थाना मैनपुरी में चल रहा यह परिवार परामर्श केंद्र कई परिवारों के लिए उम्मीद की किरण बन रहा है, जहां बातचीत और समझाइश के जरिए रिश्तों को टूटने से बचाने की कोशिश की जा रही है।

# इतिहास में पहली इबादत : हाफिज व मोअज्जिन को मिला उमरा का तोहफा

### - मोहल्ला सैयदवाड़ा की मस्जिद गौसुल आजम में 15 रोजा तरावीह मुकम्मल

न्यूज वाणी ब्यूरो

कस्बा खीरी। मजहबी रवादारी और खिदमत–ए–खल्क की एक ऐसी मिसाल मोहल्ला सैयदवाड़ा में पेश की गई है, जिसकी गूँज पूरे इलाके में सुनाई दे रही है। मस्जिद गौसुल आजम में 15 दिनों के भीतर कुरान–ए–पाक मुकम्मल होने के मौके पर श्गौसे आजम यूथ फाउंडेशनश ने एक ऐसी पहल की है, जिसने न केवल अकीदतमन्दों का दिल जीत लिया, बल्कि कस्बे के इतिहास में एक नया अध्याय लिख दिया है। खिदमत का सबसे बड़ा सिला आमतौर पर तरावीह मुकम्मल होने पर नजराना और तोहफे देने की रवायत रही है, लेकिन गौसे आजम यूथ फाउंडेशन ने इस बार रवायतों से आगे बढ़कर इबादत और खिदमत का एहतराम किया। फाउंडेशन की जानिब से मस्जिद के पेश इमाम हाफिज मोहम्मद तारिक रजा और मोअज़्जिन मोहम्मद तौहीद रजा की बेहतरीन सेवाओं और मुकद्दस कलाम को सुनाने के बदले में उन्हें उमरा का टिकट बतौर तोहफा पेश किया गया। जैसे ही इस सम्मान का ऐलान हुआ, पूरी मस्जिद सुभान अल्लाह के नारों से गूँज उठी। यह मंजर देखकर वहां मौजूद हर शख्स



की आँखें नम थीं। कस्बे के लोगों का कहना है कि खीरी के इतिहास में यह पहली बार हुआ है जब किसी तंजीम ने इमाम और मोअज्जिन को इस तरह के अजीम सम्मान से नवाजा हो। कमेटी और मुकतदियों ने भी खोला दिल सिर्फ फाउंडेशन ही नहीं, बल्कि मस्जिद गौसुल आजम की इंतजामिया कमेटी और तरावीह सुनने वाले अकीदतमन्दों ने भी अपनी मुहब्बत का इजहार किया। हाफिज जी और मोअज्जिन की खिदमत में भारी नजराना और अन्य तोहफे पेश किए गए। लोगों ने कहा कि 15 दिनों तक जिस रूहानी सुकून के साथ हाफिज तारिक रजा ने कुरान सुनाया, यह सम्मान उसी का एक छोटा सा सिला है। मुल्क की सलामती के लिए उठीं हजारों हथेलियां कुरान मुकम्मल होने के बाद आयोजित दुआ की मजलिस में भावुक मंजर देखने को मिला। हाफिज तारिक रजा ने रूँधे हुए गले से बारगाह–ए–इलाही में हाथ फैलाए। इस खास मौके पर अम्नो–अमान देश में भाईचारे और शांति के लिए विशेष दुआ की गई। तरक्की मुल्क की खुशहाली और तरक्की के लिए मन्नतें मांगी गईं। इंसानियत पूरी दुनिया से बीमारियों और मुसीबतों के खात्मे की दुआ हुई। चर्चा का विषय बनी गौसे आजम यूथ फाउंडेशन की मिसाल गौसे आजम यूथ फाउंडेशन की इस पहल ने कस्बे खीरी ही नहीं, बल्कि आसपास के तमाम इलाकों में एक नई बहस छेड़ दी है। लोग इस कदम की सराहना करते हुए कह रहे हैं कि अगर हर मोहल्ले की कमेटियां अपने उलेमा और खादिमों का इस तरह ख्याल रखें, तो समाज में दीन की खिदमत करने वालों का वकार (सम्मान) और बढ़ेगा। इस मिशन को कामयाब बनाने में फाउंडेशन के 53 सदस्यों की टीम ने दिन–रात एक कर दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से फैजी सेक्रेटरी साहिबे आलम खजांची ताहिर प्रमुख सदस्य हाफिज रहमानी, हाफिज वारिस, हसीन बबलू, फारूक, आकिब, शाहिद रजा, अमन एवं अन्य मौजूद रहे। एक नई सोच की शुरुआत फाउंडेशन के जिम्मेदारों का कहना है कि उनका मकसद सिर्फ धार्मिक आयोजन करना नहीं, बल्कि उन लोगों को सम्मान देना है जो अपनी पूरी जिंदगी दीन की खिदमत में वक्फ कर देते हैं। उमरा का टिकट देना इसी कड़ी का एक हिस्सा है ताकि वे मुकद्दस सफर पर जाकर पूरी कौम और मुल्क के लिए दुआएं कर सकें।

# एसपी ने थाना एलाऊ का किया वार्षिक निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

एलाऊ, मैनपुरी। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने शुक्रवार को थाना एलाऊ का वार्षिक निरीक्षण किया। मौजूद पुलिस कर्मियों ने सलामी दीं। जिसके बाद कार्यालय परिसर, हवालात, भोजनालय, मिशन शक्ति केंद्र व अभिलेख चेक करते हुए जरूरी दिशा–निर्देश दिए। इसके साथ ही एसपी ने अपराध व त्योहार रजिस्टर आदि का गहनता से अवलोकन किया। दस्तावेजों को अद्यावधिक रखने व रख–रखाव को दुरस्त करने को लेकर दिशा–निर्देश दिए। जिसके बाद थाना परिसर में लगे क्षतिग्रस्त बिजली के पॉल को बदल वाने कों निर्देशित किया। इसके बाद थाने पर मौजूद फॉरेनसिक टीम से उन्होंने बातचीत की और उनके निर्देश पर थाने पर मौजूद स्टॉफ कों फॉरेंसिक टीम ने फिंगरप्रिंट, एविडेंस कलेक्ट आदि कई जानकारियां दी। साथ ही चौकीदार दुर्विजय सिंह से उन्होंने क्षेत्र के हिस्ट्रीसीटरों के बारे में जानकारी ली, सही जानकारी देने पर उन्होंने चौकीदार कों पांच सौ रूपये नगद पुरस्कार दे कर उत्साहवर्धन किया। इस मोके पर




थानाध्यक्ष अवनीश त्यागी, एसआई योगेश कुमार, प्रेमदत्त शर्मा, नीलकमल, दुर्योधन सिंह, प्रेमचंद भाटी, रिंकू चौधरी, हरिओम, विजेंद्र, महाराज सिंह आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# शांतिभंग की आशंका में तीन गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। जनपद में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को सु.ढ़ बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खीरी थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने शुक्रवार को शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में तीन अभियुक्तों को गिरतार कर उनका चालान किया।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक खीरी व अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) के निर्देशन में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग के लिए एक सघन अभियान चलाया जा रहा था। क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण और थाना प्रभारी खीरी, निराला तिवारी के कुशल नेतृत्व में गठित टीम ने क्षेत्र में शांति




व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश कर रहे तीन लोगों को दबोच लिया। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गिरतार किए गए आरोपियों में अतीक पुत्र शब्बीर निवासी ग्राम गिन्हौना, थाना खीरी सर्वेश पुत्र राजेश निवासी ग्राम पटेहरा, थाना खीरी शिवमोहन मिश्रा पुत्र अवधेश मिश्रा निवासी ग्राम पटेहरा, थाना खीरी पुलिस ने इन तीनों अभियुक्तों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170, 126, 135 के तहत गिरतार कर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में ये रहे शामिल इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उप–निरीक्षक खालिद खान, उप–निरीक्षक राहुल कुमार, हेड कांस्टेबल उमेश कुमार, कांस्टेबल दीपक सिंह, कांस्टेबल गंगादीन और कांस्टेबल श्याम मोहन शामिल रहे। थानाध्यक्ष निराला तिवारी ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शांति भंग करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# मंडलायुक्त ने कई कार्यालयों का किया दौरा, दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। मंडलायुक्त वाराणसी मण्डल वाराणसी एस.



राजलिंगम ने जनपद भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न पटलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने अपर उप जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष, जिला सचिवालय, अभिलेख कक्ष (माल), ई–गोवेर्नेनस सेल का स्थलीय निरीक्षण कर जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान ई–गोवर्नेन्स सेल में आईजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्पलाईन की समीक्षा के दौरान लम्बित प्रकरणो का ससमय निस्तारण करने का निर्देश दिया। कलेक्ट्रेट स्थित सभी न्यायालय कक्षो मे पुराने पेडिंग केसो को सूचीबद्ध करते हुए जल्द से जल्द निस्तारण करने का निर्देश दिया तत्पश्चात इस दौरान उन्होने विभिन्न पत्रावलियों की समीक्षा की तथा पायी गयी कमियों को दुरूस्त करने का निर्देश दिया। उन्होने निर्देश दिया कि कार्यालय के कार्यों में इस प्रकार की उदासीनता व लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कलेक्ट्रेट के प्रशासनिक अधिकारी को सभी पटलों के रजिस्टर अद्यतन करने के निर्देश देते हुए कहा कि वे सभी आवश्यक रजिस्टरों, अभिलेखों एवं दस्तावेजों को अद्यतन रखें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन देना प्राथमिकता है और यदि कोई कर्मचारी अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाह या उदासीन पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी अविनाश कुमार, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 दिनेश कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी आयुष चौधरी, अपर उप जिलाधिकारी विनोद जोसी, एवं अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नेहरू स्टेडियम में आठ मार्च को होगी महिलाओं की दौड़ प्रतियोगिता

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। कपिल देव राम राज्य निदेशक/जिला युवा अधिकारी नेहीहर ने बताया कि मेरा युवा भारत केन्द्र गाजीपुर तथा साई युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में इस वर्ष अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस को भव्य बनाने




की दिशा में 08 मार्च को महिलाओं की दौड प्रतियोगिता का आयोजन गोराबाजार स्थित नेहरू स्टेडियम में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जनपद स्तर पर शासन द्वारा 1000 महिलाओं के भाग लिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सभी प्रतिभागियों को पोर्टल पर पंजीकरण किया जाना अनिवार्य है। कार्यक्रम के अन्तर्गत तीन आयु वर्ग अन्डर 13, 13 से 18 वर्ष एवं 18 वर्ष से अधिक की तीन प्रतियागिताये 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड कुल 09 दौड प्रतियोगिताएं एवं मनोरंजक गतिविधि का आयोजन किया जाना है। विजेता प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रतिभागियों को सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम को सफन बनाने के लिए जिला प्रशासन सहित जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, उपायुक्त राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, नोडल अधिकारी, रा०म० पीजी कालेज, जिला क्रीडा अधिकारी, कमान्डेट एन०सी०सी० गाजीपुर, कमिश्नर भारत स्काउट गाइड का सहयोग लिया जा रहा है।

# सीडीओ ने जिला गंगा व पर्यावरण समिति की ली बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला आर्द्रभूमि समिति की बैठक विकास भवन सभागार में संपन्न हुई। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी एवं सभी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद एवं




नगर पंचायत को निर्देशित किया कि नदी तटों पर संवेदनशील क्षेत्रों में सरकारी अथवा निजी किसी प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन हेतु राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन नई दिल्ली द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का अनुपालन करे जिससे नदी परिस्थितिकी तंत्र पर सभाओं के प्रतिकूल प्रभाव को कम किया जा सके। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक जब्तिकरण कार्य को युद्ध स्तर पर चलाने हेतु निर्देश दिया। प्रधानाचार्य महर्षि विश्वामित्र मेडिकल कॉलेज को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द ईटीपी स्थापना की कार्यवाही पूर्ण करें प्रभागीय निदेशक अजीत प्रताप सिंह, नामित सदस्य जिला पर्यावरण समिति शैलेष राम एवं जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## वाहन ने युवक को कुचला, दोषी की गिरफ्तारी तक अंतिम संस्कार से इंकार

न्यूज वाणी ब्यूरो

मंडावर, बिजनौर। ग्राम नारायणपुर, बालावाली चौकी क्षेत्र में बुधवार शाम करीब 6 बजे अज्ञात चार पहिया वाहन की टक्कर से



एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में भारी रोष है। जानकारी के अनुसार ग्राम नारायणपुर निवासी रोहित कुमार (पुत्र श्री दोजराज) बुधवार शाम को रास्ते से जा रहा था। तभी पीछे से आए तेज रतार अज्ञात चार पहिया वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रोहित की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। पीड़ित परिवार का कहना है कि जब तक आरोपी चालक को गिरतार कर सख्त सजा नहीं दी जाती, तब तक वे शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में कितनी जल्द कार्रवाई करता है और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए क्या कदम उठाता है।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्मे वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# महिला जनसुनवाई दिवस 11 मार्च को

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के निर्देशानुसार प्रदेश के विभिन्न जनपदों में द्वितीय बुधवार को आयोजित होने वाले महिला जनसुनवाई दिवस कार्यक्रम के अन्तर्गत 11 मार्च को पूर्वान्ह 11:00 बजे से लो.नि.वि. निरीक्षण भवन में आयोग की सदस्य एकता सिंह की अध्यक्षता में वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में महिला जनसुनवाई तथा समीक्षा बैठक का कार्यक्रम प्रस्तावित है। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने दी है।

# आठ मार्च को होगा अस्मिता लीग-खेलो इंडिया

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जिला युवा अधिकारी ने बताया कि युवाओं एवं महिलाओं में फिटनेस, स्वास्थ्य जागरूकता तथा खेल संस्.ति को बढ़ावा देना है, ताकि समाज में स्वस्थ जीवनशैली और खेल भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सहयोग से युवा भारत (माय भारत) के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 08 मार्च को प्रातः 08:00 बजे से इंदिरा गांधी स्टेडियम में अस्मिता लीग–खेलो इंडिया : खेल से ही है पहचान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले खेलों में प्रमुख रूप से 100, 200 व 400 मीटर की दौड़ के साथ–साथ कई फन एक्टिविटीज शामिल होंगी। प्रतियोगिता में 13 वर्ष से कम आयु, 13 वर्ष से अधिक व 18 से कम आयु तथा 18 वर्ष से अधिक आयु के युवक–युवतियॉ प्रतिभाग कर सकेंगी। प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु विभिन्न विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# ईंधन का संकट नहीं, अफवाहों से बचें : डीएम

## – कालाबाजारी व अवैध भंडारण करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। जनपद में पिछले कुछ समय से पेट्रोल और डीजल की कमी को लेकर फैल रही खबरें पूरी तरह भ्रामक और निराधार हैं। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने स्पष्ट किया है कि जिले में ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। अफवाहों पर न दें ध्यान जिलाधिकारी ने आम जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फैल रही अफवाहों पर कतई भरोसा न करें। उन्होंने कहा, ष्ईंधन की कोई कमी नहीं है। लोग घबराकर अनावश्यक भंडारण न करें और केवल अपनी जरूरत के अनुसार ही ईंधन खरीदें। नियमित आपूर्ति और सख्त निगरानी जिला पूर्ति अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जानकारी दी कि तेल कंपनियों से ईंधन की खेप नियमित रूप से प्राप्त हो रही है। प्रशासन पूरे जिले की आपूर्ति व्यवस्था पर पैनी नजर रखे हुए है। मुख्य बिंदुरू पर्याप्त स्टॉकरू जिले के सभी डिपो और पंपों पर पेट्रोल–डीजल का पर्याप्त कोटा मौजूद। कड़ी कार्रवाई की चेतावनी यदि कोई भी विक्रेता कालाबाजारी करते हुए या अवैध भंडारण करते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थिति सामान्यरू प्रशासन की निरंतर निगरानी के कारण जनपद में ईंधन वितरण सुचारू रूप से जारी है।

# होली के चलते गन्ना आपूर्ति प्रभावित, 21 घटे बाद चली धामपुर मिल

न्यूज वाणी ब्यूरो

धामपुर, बिजनौर। होली और दुल्हैंडी के त्योहार के कारण किसानों के व्यस्त रहने से धामपुर चीनी मिल को पर्याप्त गन्ना नहीं मिल पाया। गन्ने की कमी के चलते मिल को करीब 21 घंटे तक बंद रखना पड़ा। जानकारी के अनुसार गन्ने की आपूर्ति न होने के कारण मिल को बुधवार शाम करीब पांच बजे बंद करना पड़ा था। बृहस्पतिवार को दोपहर करीब तीन बजे गन्ना पहुंचने के बाद मिल को दोबारा शुरू कर दिया गया। इसके बाद मिल पहले की तरह पूरी क्षमता के साथ संचालित होने लगी। चीनी मिल के गन्ना महाप्रबंधक ओमवीर सिंह ने बताया कि मिल प्रबंधन की ओर से गन्ना सेंटरों और मिल गेट पर लगातार इंडेंट जारी किए जा रहे हैं लेकिन होली के त्योहार के चलते किसान अपने खेतों और त्योहार की तैयारियों में व्यस्त रहे, जिससे गन्ने की आपूर्ति प्रभावित हुई। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे मिल को साफ और ताजा गन्ने की आपूर्ति करें। ताजा गन्ना लाने से किसानों को बेहतर वजन मिलता है और उन्हें आर्थिक लाभ भी होता है। साथ ही इससे चीनी मिल को भी फायदा पहुंचता है। उन्होंने बताया कि खेत में सूखा गन्ना रहने से किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है, इसलिए समय पर गन्ना आपूर्ति करना जरूरी है।

# लखनऊ में जानलेवा हमले के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने कार्रवाई कर भेजा न्यायालय

(संवाददाता) लखनऊ। राजधानी के हसनगंज क्षेत्र में हुए जानलेवा हमले के मामले में थाना हसनगंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गणेश गेट के पास से पकड़कर उसके खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है और उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।पुलिस के अनुसार 1 जनवरी 2026 को सुजीत जोशी ने थाना हसनगंज में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि विपक्षियों ने उसके भाई को घेरकर लोहे की रॉड, लाठी–डंडों और धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शिकायत में बताया गया कि हमलावरों ने जान से मारने की नीयत से हमला किया था। इस संबंध में थाना हसनगंज में मुकदमा अपराध संख्या 01/2026 भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में राहुल जोशी, ललित जोशी, अमित जोशी, अभिजीत जोशी और सुमित जोशी के खिलाफ दर्ज किया गया था।मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए नामजद और वांछित आरोपी अभिजीत जोशी पुत्र अनिल जोशी निवासी जोशी टोला, थाना हसनगंज, लखनऊ को 6 जनवरी 2026 को गणेश गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस ने आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी की।पुलिस ने बताया कि इस मामले में अन्य चार आरोपी राहुल जोशी, ललित जोशी, अमित जोशी और सुमित जोशी को पहले ही 1 जनवरी 2026 को गिरफ्तार कर जिला कारागार भेजा जा चुका है। वहीं गिरफ्तार आरोपी अभिजीत जोशी के अन्य आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। थाना हसनगंज पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अपराध में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सिवनी सरकार का 21 वां सालाना उर्स 28 से 30 मार्च तक

## - कव्वाली व मुशायरे की सजेगी महफिल

न्यूज वाणी ब्यूरो

हमीरपुर। जनपद के कुरारा थाना क्षेत्र के सिवनी शरीफ में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21वां उर्स मुबारक बड़े ही अकीदत और एहतराम के साथ आयोजित किया जाएगा। यह उर्स हजरत ख्वाजा सूफी नसीर अहमद (सिवनी सरकार) चिश्ती कादरी कलंदरी नूरी निजामी रह. की याद में मनाया जाता है, जिसमें दूर–दराज से आने वाले जायरीन और अकीदतमंद बड़ी संख्या में शरीक होकर फातिहा, दुआ और चादरपोशी कर अपनी मन्नतें मांगते हैं। निजामी उर्स कमेटी सिवनी शरीफ द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय उर्स का कार्यक्रम 28 मार्च 2026 दिन शनिवार से शुरू होकर 30 मार्च सोमवार तक चलेगा। इस दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें कुरआन ख्वानी, फातिहा, मुशायरा, कव्वाली और कुल शरीफ शामिल हैं। उर्स के पहले दिन 28 मार्च को बाद नमाज–ए–इशा मुशायरा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के नामचीन शायर और अदबी हस्तियां अपने कलाम पेश कर महफिल को रोशन करेंगे। इसके बाद जायरीन के लिए दुआ और फातिहा का सिलसिला जारी रहेगा। दूसरे दिन 29 मार्च दिन रविवार को कुरआन ख्वानी के बाद नमाज–ए–असर मुशायरा व नमाज–ए–इशा के बाद चादरपोशी और महफिल–ए–समां (कव्वाली) का आयोजन होगा। इस दौरान मशहूर कव्वाल अपनी सूफियाना कलाम से महफिल को रूहानी रंग में रंग देंगे। उर्स के तीसरे और अंतिम दिन 30 मार्च दिन सोमवार को सुबह 10 बजे कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में जायरीन शामिल होकर दुआएं करेंगे और अमन–चैन की दुआ मांगी जाएगी। इस उर्स में खास तौर पर मशहूर कव्वाल मोइन निजामी (कम्हरिया शरीफ), असलम निजामी (कम्हरिया शरीफ) और अनस जुनैद चिश्ती (फिरोजाबादी) अपनी कव्वाली पेश करेंगे। वहीं गद्दीनशीन के रूप में पीरे तरीकत हजरत सूफी मुईनउद्दीन निजामी औरैया की सरपरस्ती में कार्यक्रम संपन्न होगा। कार्यक्रम के सदर जनाब अब्दुल हफीज निजामी उर्फ मुन्ना भाई घाटमपुर रहेंगे, जिनकी देखरेख में उर्स के सभी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। निजामी उर्स कमेटी सिवनी शरीफ के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के सभी अकीदतमंदों और जायरीन से अपील की है कि वे उर्स में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम की रौनक बढ़ाएं और सूफी संत की शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर आपसी भाईचारे, प्रेम और सद्भाव का संदेश फैलाएं। उर्स के दौरान दरगाह परिसर को आकर्षक रोशनी और सजावट से सजाया जाएगा। बाहर से आने वाले जायरीन के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। कमेटी द्वारा सुरक्षा, साफ–सफाई और व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। निजामी उर्स कमेटी सिवनी शरीफ, जिला हमीरपुर ने सभी क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में भाग लेकर सूफी संत की शिक्षाओं को अपनाने और समाज में अमन, मोहब्बत और भाईचारे का पैगाम फैलाने की अपील की है।




# यूपीएससी में मिहींपुरवा की बेटियों-बेटों का परचम

## - रोली मदेशिया को 457 वीं व महेश जायसवाल को 590 वीं रैंक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। तहसील क्षेत्र मिहींपुरवा के लिए गर्व का क्षण है कि यहां के दो प्रतिभाशाली युवाओं ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता हासिल कर पूरे इलाके का नाम रोशन किया है। शुक्रवार को घोषित परिणाम में मिहींपुरवा की छात्रा रोली मदेशिया ने 457 वीं रैंक हासिल की, जबकि गौरा पिपरा गांव के निवासी महेश जायसवाल ने 590 वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। मिहींपुरवा निवासी रोली मदेशिया, पुत्री संतोष मदेशिया, बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर मिहींपुरवा, कन्या जूनियर बालिका विद्यालय मिहींपुरवा तथा सर्वोदय इंटर कॉलेज मिहींपुरवा से हुई। इसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से गणित विषय में बीएससी की पढ़ाई पूरी की। उच्च शिक्षा के लिए रोली ने आईआईटी बॉम्बे से पोस्ट ग्रेजुएशन किया। पढ़ाई पूरी करने के बाद रोली ने पूरे समर्पण के साथ यूपीएससी की तैयारी शुरू की और लगातार तीन वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद अपने चौथे प्रयास में 457 वीं रैंक हासिल कर सफलता प्राप्त की। उनकी इस उपलब्धि से परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे मिहींपुरवा क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। वहीं गौरा पिपरा गांव निवासी महेश जायसवाल ने भी यूपीएससी परीक्षा में 590 वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता से गांव और आसपास के इलाकों में भी उत्साह का माहौल है और लोग उन्हें बधाई दे रहे हैं। रोली मदेशिया और महेश जायसवाल की इस उपलब्धि पर परिजनों, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों प्रतिभाओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन दोनों युवाओं की सफलता से क्षेत्र के अन्य छात्र–छात्राओं को भी उच्च लक्ष्य हासिल करने की प्रेरणा मिलेगी।

# बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता अभियान

## - मुक्तिरथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। देहात संस्था टीम द्वारा बताया गया कि बाल विवाह जैसी कुरीति को जड़ से मिटाने के उद्देश्य से आज जिला बाल कल्याण समिति कार्यालय पर भव्य कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह मुक्ति रथ को जिला बाल कल्याण समिति अध्यक्ष सतीश श्रीवास्तव द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस विशेष अभियान का उद्देश्य ग्रामीण और दूर–दराज के क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करना और कम उम्र में बेटियों की शादी के कानूनी व स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना है। जागरूकता का संदेश लेकर गाँव–गाँव पहुँचेगा रथ प्रशासन और देहात संस्था के संयुक्त तत्वावधान में शुरू किया गया यह मुक्ति रथ अगले 8 मार्च तक जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों का भ्रमण करेगा। सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष सतीश ने कहा बाल विवाह न केवल एक सामाजिक बुराई है, बल्कि यह मानवाधिकारों का उल्लंघन भी है। यह हमारी बेटियों के सुनहरे भविष्य और उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। जब तक समाज का हर नागरिक इस लड़ाई में शामिल नहीं होगा, तब तक बाल विवाह जैसी कुरीति को समाप्त नहीं किया जा सकता। कार्यक्रम को सफल बनाने में सतीश श्रीवास्तव (सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष), नरेंद्र कुमार चौधरी उप निरीक्षक, रश्मि महिला आरक्षी एवं देहात इंडिया से अमरेश कुमार, आदान अंसार, देवेश तिवारी, रचना मिश्रा, विंध्यवासिनी आदि लोगों की अहम भूमिका रही।

# तिंदवारी में नासा वैज्ञानिक का स्वागत, युवाओं में दिखा उत्साह

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। तिंदवारी कस्बे में उस समय उत्साह और गौरव का माहौल देखने को मिला, जब अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नासा वैज्ञानिक डॉ. अशोक कुमार प्रजापति के आगमन पर अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ, जनपद बांदा की युवा टीम ने उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगों ने फूलमालाएं पहनाकर और सम्मान स्वरूप अभिनंदन कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत समारोह में उपस्थित लोगों ने कहा कि डॉ. अशोक कुमार प्रजापति ने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। उनकी उपलब्धियां न केवल प्रजापति समाज बल्कि पूरे देश के लिए गर्व की बात हैं। उन्होंने युवाओं को शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी। इस अवसर पर महासंघ के जिलाध्यक्ष सुल्तान भाई प्रजापति ने कहा कि समाज के युवाओं को डॉ. प्रजापति की उपलब्धियों से प्रेरणा लेकर शिक्षा और तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। ऐसे प्रतिभाशाली व्यक्तित्व समाज के लिए मार्गदर्शक होते हैं। कार्यक्रम में एडवोकेट रामसेवक प्रजापति, सुधीर कुमार चक्रवर्ती, युवा प्रदेश अध्यक्ष मलखे श्रीवास, कमलाकांत



त्रिवेदी, शिवबरन वर्मा सहित अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ उत्तर प्रदेश की टीम के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। सभी ने डॉ. अशोक कुमार प्रजापति को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। थाना नानौता पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियों वायरल करने वाले तीनो अभियुक्त को गिरतार किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सैनी



द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया है कि वादी की लिखित तहरीर बाबत अभियुक्तगण द्वारा सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक वीडियों वायरल करने की सूचना के सम्बन्ध में थाना नानौता पर मुकदमा अपराध संख्या 46/26 धारा 353(2) बीएनएस के पंजी.त किया गया था। इस विषय में पुलिस टीम उपनिरीक्षक जसपाल सिंह हेड कांस्टेबल राहुल, हेड कांस्टेबल विक्रांत द्वारा कार्यवाही करते हुए सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो अपलोड करने वाले तीन अभियुक्तगण रुद्राक्ष पुत्र .ष्ण सिंह निवासी मिल कॉलोनी, थाना नानौता सहारनपुर, प्रशांत पुत्र राम करण निवासी मुस्कीपुर थाना बड़गांव जनपद सहारनपुर व अमित राणा पुत्र सुशील राणा निवासी मोरा थाना बड़गांव सहारनपुर की पहचान करते हुए अन्तर्गत धारा 170 बीएनएसएस में गिरतार किया गया। अभियुक्तगण के विरूद्ध धारा 170, 126, 135 बीएनएसएस की कार्यवाही करते हुए समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# लखनऊ में कांग्रेस का होली मिलन समारोह, अविनाश पाडे और अजय राय ने दिया प्रेम-सौहार्द का सदेश

(संवाददाता) लखनऊ। आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के पावन पर्व होली के अवसर पर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने की। इस अवसर पर कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।होली मिलन समारोह में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नेताओं ने प्रदेशवासियों को होली की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व समाज में प्रेम, एकता और सौहार्द का प्रतीक है। इस अवसर पर मंच से देश की गंगा–जमुनी संस्कृति और सामाजिक सद्भाव को बनाए रखने पर जोर दिया गया।मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए अविनाश पांडे ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक परंपरा सदियों से आपसी सद्भाव, प्रेम और भाईचारे की रही है। होली का यह पावन पर्व हमें सभी मतभेदों को भुलाकर समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि देश की विविधता और सांस्कृतिक विरासत हमारी सबसे बड़ी ताकत है, जिसे सहेजकर आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है।अपने संबोधन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि होली का पर्व हमारे देश की गंगा–जमुनी तहजीब का प्रतीक है। यह त्योहार समाज को जोड़ने और आपसी रिश्तों को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि सभी को मिल–जुलकर इस पर्व को मनाते हुए समाज में प्रेम और भाईचारे को और अधिक सुदृढ़ करने का संकल्प लेना चाहिए। अजय राय ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को मजबूत करें तथा प्रदेश में सद्भाव और भाईचारे का वातावरण बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं।समारोह में राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी धीरज गुर्जर और तौकीर आलम, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमीर हैदर, पूर्व सांसद पी.एल. पुनिया, कमल किशोर कमांडो, अंबार रिजवी, ए.पी. गौतम, पूर्व मंत्री राज बहादुर, मुईद अहमद, सतीश शर्मा, पूर्व विधायक सतीश अजमानी, श्याम किशोर शुक्ला, इन्दल रावत, गजराज सिंह, गयादीन अनुरागी, पूर्व एमएलसी विवेक बंसल, दीपक सिंह, उत्तर प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष शिव पांडे, प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, जय करन वर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष रूद्र दमन सिंह 'बब्लू' तथा शहर कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी सहित अनेक वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।इसके अलावा संजय दीक्षित, लल्लन कुमार, नईम सिद्दीकी, युवा कांग्रेस मध्य जोन अध्यक्ष अंकित तिवारी, सुशील तिवारी 'सोनू पंडित', आर्यन मिश्रा, कृपा शंकर मिश्रा, आसिफ रिजवी 'रिंकू', पुष्पेंद्र श्रीवास्तव, अमित राय, सिद्धिश्री, श्रवण गुप्ता, मनीष हिंदवी, प्रियंका गुप्ता, प्रदीप सिंह, सचिन रावत, द्विजेंद्र त्रिपाठी, ओंकार नाथ सिंह, प्रमोद सिंह, अनीष अंसारी, आर.पी. सिंह, प्रोफेसर विनोद चंद्रा, संपूर्णानंद मिश्रा, संजय सिंह, बृजेश सिंह, सिद्धार्थ प्रिय श्रीवास्तव, संजय बाजपेई, राजेश जायसवाल, आशुतोष मिश्रा, पुष्पेंद्र सिंह, दीपक पाठक, अशोक सिंह, आचार्य मनोज पांडे, महताब जायसी, विनोद चंद्रा, विक्रम पांडे, वेद प्रकाश त्रिपाठी, सुशीला शर्मा, विभा त्रिपाठी, आशीष दीक्षित, रामनाथ सिकरवार, चंद्र प्रकाश, सुभाष मिश्रा, रजनीश यादव, मुनीश चौधरी, विनोद मिश्रा, बृजेश कुमार, शंकर लाल गौतम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर गले मिलते हुए होली की शुभकामनाएं दीं और समाज में प्रेम, सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प दोहराया। पूरे समारोह में उत्साह, अपनापन और पारंपरिक होली मिलन का उल्लास देखने को मिला।

# थाना प्रभारी सरपतहा के कार्यो से गदगद हुई जनता

न्यूज वाणी ब्यूरो

जौनपुर। थानाध्यक्ष सरपतहा के कार्यों से क्षेत्र में अमन चैन कायम हुआ है। जब से यजुवेंद्र सिंह यशो सरंपतहा बनकर आए हैं। यदि रिकॉर्ड में देख लिया जाए एक भी भारी क्राईम नहीं हुआ है। क्षेत्र में उनके दबाव की वजह से नशाखोरी भी करीब करीब बंद हो चुकी है ऐसे अधिकारी को पाने के लिए जनता काफी दिनों से इंतजार कर रही थी जो कि आज उनको मिल गया है जनता चाहती है। थानाध्यक्ष कुछ दिन तक और इसी तरह से बने रहेंगे तो लोग अपने घरों में तथा बाहर चैन से रह सकेंगे कुछ लोगों से बात करने पर आज जुम्मा की नमाज थी असगर अली रियाज अली आजम खान शाहबाज खान राजेश सिंह राममिरन आदित्य सिंह राज गौतम अमरीश वर्मा आदि लोगों ने प्रेस को थाने पर बताया कि ऐसा यशो आज तक हमें नहीं मिले थे हर व्यक्ति आज सुकून की जिंदगी जी रहा है किसी को किसी प्रकार की क्राइम से संबंधित कोई तकलीफ नहीं है सबसे अच्छी बात यह है यदि किसी के परिवार में या अगल–बगल कोई विवाद होता है। मुकदमा न करने की जगह थाना प्रभारी लोगों को समझा बूझाकर आपस में भाईचारे का संबंध स्थापित कर देते हैं।

# महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस का जागरूकता अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत जनपद इटावा में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद पुलिस द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जनपद के



समस्त थानों की एंटी रोमियो टीमों द्वारा बाजारों, विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जाकर बालिकाओं, महिलाओं एवं आमजन को मिशन शक्ति 5.0 के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम, उनके अधिकारों की सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव तथा आत्मरक्षा के उपायों के संबंध में विस्तार से जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 108, बाल सहायता नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा पोर्टल साइबर क्राइम डॉट जीओवी डॉट इन के संबंध में जानकारी देकर आवश्यकतानुसार इन सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस द्वारा जनपद में महिला सुरक्षा एवं सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस प्रकार के जागरूकता अभियान लगातार चलाए जाने की बात कही गई है।

# परशुराम सेवा समिति का होली मिलन आठ को

न्यूज वाणी ब्यूरो



इकदिल, इटावा। परशुराम सेवा समिति उ.प्र. (रजि.) का होली मिलन समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन 8 मार्च दिन रविवार को प्रातः 9 बजे से श्री एसआरएलटी कॉलेज इकदिल में किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट व प्रदेश महामंत्री विनय कुमार द्विवेदी, जयशिव मिश्रा ने बताया कि होली मिलन एवं काव्य गोष्ठी के अलावा औरैया जनपद के पदाधिकारी भी भाग लेगें। उन्होंने परशुराम सेवा समिति के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों से कार्यक्रम में निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

# विभिन्न थानों की पुलिस कार्रवाई, कई अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। जनपद में कानून व्यवस्था को सु.ढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 06 मार्च को जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न थानों में कार्रवाई करते हुए कई अभियुक्तों को गिरतार किया गया। थाना बढ़पुरा पुलिस ने धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए मनोज कुमार पुत्र भिखारीलाल निवासी कुण्डेश्वर थाना बढ़पुरा तथा रामनरेश पुत्र मोतीलाल बघेल निवासी पुरारेवाड़ी थाना बढ़पुरा को गिरतार किया। थाना चौबिया पुलिस ने धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए मोहित पुत्र सुभाष चंद्र तथा सुरेश पुत्र सुघर सिंह निवासी ग्राम गनेशपुर थाना चौबिया को गिरतार किया। थाना चकरनगर पुलिस ने धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए पहलाद पुत्र रामलखन निवासी ग्राम काकरिया थाना चकरनगर को गिरतार किया। वहीं थाना जसवंतनगर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 50ध्2026, धारा 85, 80(2), 352, 351(3) बीएनएस एवं 3ध4 डीपी एक्ट से संबंधित अभियुक्त किशोरीलाल निषाद पुत्र नरेंद्र निषाद निवासी ग्राम उरई थाना जसवंतनगर को गिरतार किया। जनपद पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।


## प्रयागराज-हडपसर साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी के अतिरिक्त फेरों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित गाड़ी संख्या **04107/04108 प्रयागराज-हडपसर** साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी के अतिरिक्त फेरों के संचालन का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

गाड़ी संख्या 04107/04108 प्रयागराज-हडपसर (साप्ताहिक) विशेष रेलगाड़ी

| गाड़ी सं. 04107 प्रयागराज-हडपसर | | | गाड़ी सं. 04108 हडपसर-प्रयागराज | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| — | 10:20 | प्रयागराज | 06:30 | — |
| 11:18 | 11:20 | शंकरगढ़ | 04:13 | 04:15 |
| 11:45 | 11:47 | डभौरा | 03:33 | 03:35 |
| 12:40 | 12:45 | मानिकपुर | 03:10 | 03:15 |
| 13:25 | 13:27 | चित्रकूट धाम कर्वी | 01:55 | 01:57 |
| 15:15 | 15:20 | बाँदा | 00:35 | 00:40 |
| 16:18 | 16:20 | महोबा | 23:18 | 23:20 |
| 17:30 | 18:00 | खजुराहो | 21:20 | 21:50 |
| 18:14 | 18:16 | दुरिया गंज | 20:50 | 20:52 |
| 18:32 | 18:34 | छतरपुर | 20:30 | 20:32 |
| 19:33 | 19:35 | टीकमगढ़ | 19:10 | 19:12 |
| 21:03 | 21:05 | ललितपुर | 18:18 | 18:20 |
| 23:35 | 23:40 | बीना | 16:45 | 16:50 |
| 02:00 | 02:05 | रानी कमलापति | 14:15 | 14:20 |
| 03:35 | 03:45 | इटारसी | 12:20 | 12:30 |
| 08:10 | 08:15 | भुसावल | 07:35 | 07:40 |
| 10:45 | 10:50 | मनमाड | 04:20 | 04:25 |
| 11:54 | 11:56 | कोपरगांव | 03:06 | 03:08 |
| 12:42 | 12:44 | बेलापुर | 02:06 | 02:08 |
| 14:00 | 14:02 | अहिल्यानगर | 01:00 | 01:02 |
| 16:05 | 16:10 | दौंड कॉर्ड लाइन | 23:45 | 23:50 |
| 19:30 | --- | हडपसर | ---- | 22:40 |

- **गाड़ी सं. 04107:** प्रयागराज से (प्रत्येक बुधवार) दिनांक 01.04.2026 से 08.04.2026 तक एवं 15.04.2026 से 15.07.2026 तक
- **गाड़ी सं. 04108: हडपसर** से (प्रत्येक गुरूवार) दिनांक 02.04.2026 से 09.04.2026 तक एवं 16.04.2026 से 16.07.2026 तक

**गाड़ी संरचनाः-** सामान्य श्रेणी-07, स्लीपर श्रेणी-08, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-01

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी के सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 512/26(D)


# एनसीईआरटी की भर्ती प्रक्रिया पर उठे सवाल

## - उपयुक्तनहीं घोषित करने के मानदंडों पर मांगी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। देश की प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्था राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की संकाय भर्ती प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। समाजसेवी प्रेम कुमार शाक्य ने भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगाते हुए इस संबंध में जानकारी मांगी है। प्रेम कुमार शाक्य का कहना है कि वर्ष 2020 के बाद एनसीईआरटी द्वारा जारी तीन भर्ती विज्ञापनों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा दिव्यांग श्रेणी के कई पदों पर साक्षात्कार के बाद भी अभ्यर्थियों को उपयुक्त नहीं घोषित कर दिया गया। जबकि साक्षात्कार के लिए वही अभ्यर्थी बुलाए जाते हैं जो प्रारंभिक जांच में पूरी तरह योग्य पाए जाते हैं। ऐसे में यह प्रश्न उठता है कि जब अभ्यर्थी योग्यता के आधार पर साक्षात्कार तक पहुंचे, तो फिर एक साथ इतने लोगों को उपयुक्त नहीं कैसे घोषित किया गया। उन्होंने कहा कि यदि योग्य और अनुभवी अभ्यर्थियों को बार–बार इस प्रकार अयोग्य बताया जाता है तो चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। उन्होंने यह भी पूछा है कि अभ्यर्थियों को उपयुक्त नहीं घोषित करने के लिए परिषद द्वारा कौन–से लिखित मानदंड निध ारित किए गए हैं। चयन समिति ने किन आधारों पर यह निर्णय लिया। इसके साथ ही उन्होंने यह भी जानना चाहा है कि क्या इस विषय से संबंधित उच्च न्यायालयों के महत्वपूर्ण निर्णयों तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का अध्ययन परिषद द्वारा किया गया है या नहीं। हाल ही में जारी भर्ती विज्ञापन संख्या 177 के संदर्भ में भी उन्होंने सवाल उठाया है कि क्या आगामी च य न प्रक्रियाओं में भी अभ्यर्थियों को इसी प्रकार उपयुक्त नहीं घोषित किया जाएगा या इसके लिए कोई पारदर्शी व्यवस्था बनाई जाएगी। प्रेम कुमार शाक्य ने बताया कि लगभग छह माह पूर्व भी उन्होंने भर्ती प्रक्रिया के संबंध में महामहिम राष्ट्रपति से उच्चस्तरीय जांच कराए जाने और योग्य अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने की मांग की थी। अब उन्होंने एनसीईआरटी की जन सूचना अधिकारी इंद्राणी भादुड़ी को ई–मेल और डाक के माध्यम से पत्र भेजकर सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत इस संबंध में विस्तृत जानकारी मांगी है।



# महिला जनसुनवाई व समीक्षा बैठक नौ को

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जनपद में 09 मार्च को महिला जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय से निर्देश जारी किए गए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के निर्देश पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में महिलाओं से संबंधित शिकायतों के त्वरित निस्तारण और महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जनपद में भी महिला जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी द्वारा महिलाओं की समस्याओं और शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। बैठक में जनपद के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष तथा संबंधित थाना क्षेत्रों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे और महिला उत्पीड़न से जुड़ी घटनाओं की समीक्षा की जाएगी। निर्देशों के अनुसार 09 मार्च को पूर्वाह्न 11 बजे आयोजित होने वाली यह जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक सिंचाई विभाग के निरीक्षण गृह, कक्ष संख्या–02 में आयोजित होगी। बैठक के दौरान महिलाओं की शिकायतों के त्वरित समाधान तथा संबंधित मामलों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# कार की टक्कर से बाइक सवार दो मजदूरों की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

भोगांव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। एक अज्ञात कार चालक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम नगला कमल निवासी गिरजा शंकर (65 वर्ष) पुत्र रूपलाल और उनके साथी विश्राम सिंह (45 वर्ष) पुत्र केदार सिंह निवासी ग्राम रुई, पेशे से मकानों में लिंटर डालने का काम करते थे। शुक्रवार अपराह्न लगभग 3 बजे दोनों बाइक पर सवार होकर ग्राम रुई से भोगांव की ओर आ रहे थे। जैसे ही वे रुई मेला के समीप पहुंचे, तभी सामने से आ रही एक तेज रतार अज्ञात कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गिरजाशंकर और विश्राम सिंह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार पांडेय ने बताया कि मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश की जा रही है। घटना के बाद से दोनों मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है।

# तहसील अभिभाषक परिषद चुनाव का 18 मार्च को होगा मतदान

## - नौ मार्च को मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ शुरू होगी चुनावी प्रक्रिया

न्यूज वाणी ब्यूरो

भोगांव। तहसील अभिभाषक परिषद के वर्ष 2026 के चुनावों



का बिगुल बज गया है। चुनाव समिति ने मतदान की तिथियों और पूरे कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा कर दी है। परिषद के अध्यक्ष, महासचिव सहित अन्य महत्वपूर्ण पदों के लिए आगामी 18 मार्च को मतदान होगा और उसी दिन देर शाम तक विजयी हुए नए पदाधिकारियों के नामों की घोषणा कर दी जाएगी।

शुक्रवार को चुनाव समिति के अध्यक्ष रमेश चन्द्र तिवारी ने विस्तृत चुनावी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि प्रक्रिया 9 मार्च से शुरू होकर 18 मार्च तक चलेगी। 9 मार्च सोमवार को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा जबकि 10 व 11 मार्च प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किए जायेंगे 12 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच, आपत्तियों का निस्तारण एवं प्रत्याशियों की प्रारंभिक सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 13 मार्च नामांकन पत्रों की वापसी के बाद प्रत्याशियों की फाइनल सूची का प्रकाशीत कर दी जाएगी। 18 मार्च बुधवार सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। मतदान मतदान संपन्न होने के करीब आधे घंटे बाद ही मतगणना शुरू कर दी जाएगी। मतगणना के तुरंत बाद चुनाव परिणामों की घोषणा कर विजयी होने बालों के नामों की घोषणा कर दी जायेगी। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के दौरान अधिवक्ता समाज के कई वरिष्ठ पदाधि ाकारी मौजूद रहे। इनमें मुख्य रूप से सुबोध सक्सेना, तेजसिंह वर्मा, राजबहादुर सिंह चौहान, जयकुमार दुबे के साथ–साथ वर्तमान अध्यक्ष प्रबोध विक्रम सिंह, महासचिव संजय राजपूत और कोषाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

# विकास खंड कार्यालय सोधी बना भ्रष्टाचार का केंद्र

न्यूज वाणी ब्यूरो जौनपुर। जिले के सोध ाी विकास खंड कार्यालय इस समय विकास के नाम पर भ्रष्टाचार का केंद्र बन गया है यहां पर सचिव तथा जेई मिलकर प्रधान के साथ भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं देखने को मिला है कार्य न होने के बाद भी अधिकारियों द्वारा पेमेंट दे दिया जा रहा है। जिस गांव का विकास तो नहीं हो पा रहा है लेकिन प्रध ाान व सचिव के जेब जो है काफी भर जाती है इस बात को लेकर एक ही गांव का नहीं पूरा विकास खंड कार्यालय की यही स्थिति है जो प्रधान पढ़े लिखे नहीं है उनको बेवकूफ बनाकर सचिन पैसा हड़प रहा है। जो प्रधान पढ़े लिखे हैं उनके साथ मिल बाटकर गलत ढंग से पैसे का बटवारा किया जा रहा है। खंड विकास अधिकारी द्वारा भी इस मामले पर कोई संज्ञान नहीं दिया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा इस मामले को संज्ञान में लेते हुए निष्पक्ष का जांच करा कर मामले की जांच करते हुए सभी अधिकारियों को दंडित किया जाना चाहिए।

# रेडक्रास चेयरमैन ने दंत चिकित्सकों को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। डेंटिस्ट डे के अवसर पर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के तत्वावधान व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में चेयरमैन व प्रदेष कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने दंत चिकित्सक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया। उन्होने इंडियन डेंटल एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष व इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के कार्यकारिणी सदस्य डॉ विवेक श्रीवास्तव, इंडियन डेंटल एसोसिएशन उपाध्यक्ष रेडक्रॉस व आजीवन सदस्य डॉ सौरभ सिंह चौहान, डॉ तारक नाथ सरकार, डॉ रविनाथ गुप्ता, डॉ हरीतिमा गुप्ता, डॉ विमल सेंगर, डॉ सौरभ गुप्ता को उनकी क्लीनिक पहुंचकर शाल व पल्स ऑक्सिमीटर भेंटकर सम्मानित किया। उनके द्वारा दंत रोगियों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने हेतु आभार व्यक्त कर शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर प्रमुख सहयोगी अभिनव श्रीवास्तव व प्रेमचंद्र मौर्य उपस्थित रहे।



# अनियंत्रित पिकअप पलटने से पांच लोग घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बकेवर थाना क्षेत्र के जहानाबाद रोड चौराहे पर अनियंत्रित पिकअप पलट गया। जिससे पिकअप पर सवार पांच लोग दबकर घायल हो गई। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मऊ निवासी अनियंत्रित पिकअप पलटने से करीब आधा दर्जन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए जिसमें हिमांशु 13 वर्ष, फूलचंद 50 वर्ष, छेदीलाल 18 वर्ष शिव भवन 48 वर्ष गम्भीर रूप घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची 108/102 एंबुलेंस के माध्यम से नजदीक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया वही 108 एंबुलेंस के माध्यम से शिव भवन की हालत नाजुक बताते हुए चिकित्सक द्वारा जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# ई-रिक्शा व बाइक की भिड़ंत में कई घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के ग्राम बगहा के समीप गुरूवार की षाम ई–रिक्षा व बाइक की भिड़ंत में परिवार सहित चालक व बाइक सवार घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार मलवां थाना क्षेत्र के षमषेरपुर गांव निवासी राजाराम का 42 वर्शीय पुत्र सुरेष अपनी पत्नी सीता 40 वर्श, पुत्र रिंकू 10 वर्श, पुत्री नेहा 14 वर्श, ई–रिक्षा चालक होरीलाल के साथ रिष्तेदारी में असोथर जा रहे थे। जैसे ही ई–रिक्षा बगहा के समीप पहुंचा तभी सामने से तेज रतार आ रही बाइक से सीधी टक्कर हो गई। जिससे सुरेष व पूरा परिवार सहित ई–रिक्षा चालक सहित बाइक सवार घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# बाइक की टक्कर से युवक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम षिवपुर असनी के समीप पैदल जा रहे 35 वर्शीय युवक को पीछे से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिससे दोनों घायल हो गए। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार षिवपुर असनी गांव निवासी बेनी का पुत्र अमर गुरूवार की षाम पैदल खेत की ओर जा रहा था। तभी गांव के समीप ही पीछे से बाइक सवार रितेष पुत्र वीरेन्द्र पटेल 27 वर्श निवासी हैदरपुर इटौली ने टक्कर मार दिया जिससे दोनों बुरी तरह घायल हो गए। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# सर्पदंश से युवक की हालत बिगड़ी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कल्यानीपुर में षुक्रवार की दोपहर खेत में धनिया तोड़ रहे 52 वर्शीय अधेड़ को जहरीले सर्प ने डस लिया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कल्यानीपुर गांव निवासी लक्ष्मीचन्द्र का पुत्र मनोज मिश्रा षुक्रवार की दोपहर खेत से धनिया तोड़ रहा था। तभी जहरीले सर्प ने डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो उसे तत्काल सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती काया।


न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488



## प्रयागराज से दिल्ली होली विशेष रेलगाड़ियों का झींझक स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान रखते हुए प्रयागराज से दिल्ली होली विशेष रेलगाड़ियों का **झींझक** स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

गाड़ी सं. 04143/04144/04145/04146/04147/04148
प्रयागराज-दिल्ली विशेष रेलगाड़ी का झींझक स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव

| गाड़ी सं.- 04143/04145/04147 | | | गाड़ी सं.- 04144/04146/04148 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 21:30 | प्रयागराज जं. | 23:45 | ---- |
| 01:13 | 01:15 | झींझक | 16:15 | 16:17 |
| 09:00 | ---- | दिल्ली | ---- | 10:15 |

गाड़ी सं. 04149/04150 प्रयागराज-दिल्ली विशेष रेलगाड़ी का झींझक स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव

| गाड़ी सं.- 04149 प्रयागराज-दिल्ली | | | गाड़ी सं.- 04150 दिल्ली-प्रयागराज | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 20:00 | प्रयागराज जं. | 23:45 | ---- |
| 23:53 | 23:55 | झींझक | 16:15 | 16:17 |
| 09:00 | ---- | दिल्ली | ---- | 10:15 |

नोटः- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 517/26(A)

# बुंदेलखंड राष्ट्र समिति ने बलिदान दिवस पर दोहराई मांग

## – अमर शहीद ठाकुर दरियाव सिंह के नाम पर खागा को बनाया जाए जिला

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। 1857 की क्रांति के अमर बलिदानी अमर शहीद ठाकुर दरियाव सिंह के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने कहा कि उनके बलिदान को केवल स्मरण करना पर्याप्त नहीं है,



बल्कि उनके नाम और इतिहास को आने वाली पीढ़ियों तक सम्मानपूर्वक पहुंचाना भी हमारा कर्तव्य है। बताया कि आज ही के दिन 6 मार्च 1858 को अंग्रेजी हुकूमत ने जिला जेल में स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी ठाकुर दरियाव सिंह सहित सात क्रांतिकारियों को फांसी दे दी थी। इनमें उनके पुत्र ठाकुर सुजान सिंह, भाई ठाकुर निर्मल सिंह, भतीजे ठाकुर बख्तावर सिंह तथा क्रांतिकारी ठाकुर रघुनाथ सिंह, ठाकुर तुरंग सिंह और जमरावां के ठाकुर शिवदयाल सिंह रघुवंशी शामिल थे। इन वीरों ने मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। प्रवीण पांडेय ने समाज और सरकार से तीन प्रमुख संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगले बलिदान दिवस से पहले खागा तहसील को अमर शहीद ठाकुर दरियाव सिंह नगर के रूप में जिला बनाया जाए, ताकि इस क्षेत्र के महान बलिदानी को स्थायी सम्मान मिल सके। मांग किया कि अमर शहीद ठाकुर दरियाव सिंह का इतिहास विद्यालयों और विष्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए, जिससे नई पीढ़ी अपने क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान से परिचित हो सके। किशनपुर–रामपुर क्षेत्र में यमुना किनारे लगभग अस्सी बीघा भूमि पर अमर शहीद .षि महाविद्यालय की स्थापना की जाए, जिससे क्षेत्र के युवाओं और किसानों को आधुनिक .षि शिक्षा प्राप्त हो सके और क्षेत्र का विकास भी सुनिश्चित हो।

# सपा नेता के रोजा इफ्तार में मांगी गई मुल्क में अमन चौन की दुआएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। वरिष्ठ सपा नेता वसीम अंसारी एडवोकेट के आवास पर शुक्रवार को रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।




जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बांदा की सपा सांसद कृष्णा पटेल एवं उनके पति पूर्व मंत्री शिव शंकर पटेल ने शिरकत करके इफ्तार पार्टी में चार चांद लगा दिए। सर्वप्रथम सांसद एवं पूर्व मंत्री का वसीम अंसारी एडवोकेट एवं उनके पुत्र पिछड़ा समाज के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष लकी अंसारी ने फूल मालाओं उसे स्वागत किया। तत्पश्चात अजान होते ही लोगों ने रोजा खोलकर तरह–तरह के पकवान का लुत्फ़ उठाया। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव, नगर पालिका चेयरमैन राजकुमार मौर्य एडवोकेट, चौधरी मंजर यार, कामरेड नरोत्तम सिंह, आरिफ अंसारी, चौधरी मोहन राइन, नफीसुद्दीन, जहानाबाद टाउन एरिया के पूर्व अध्यक्ष हाफिज अनवारुल हक सहित बड़ी संख्या में लोग इफ्तार पार्टी में शामिल हुए।

# राष्ट्रकवि पं0 सोहनलाल द्विवेदी की मनाई जयंती

## - प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व्यक्तित्व व कृतित्व पर की चर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिंदकी, फतेहपुर। हिंदी राष्ट्रभाषा के कवि पद्मश्री से अलं.त राष्ट्रकवि पंडित सोहन लाल द्विवेदी की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। उनके व्यक्तित्व व .तित्व पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने देश प्रेम को लेकर कविताएं



लिखी वह गांधीवाद से प्रेरित थीं, उनकी लिखी रचनाओं से प्रेरित होकर युवाओं में देशभक्ति का जज्बा पैदा होता था जिससे युवाओं ने आजादी की लड़ाई लड़ी। कस्बे के रामलीला मैदान के समीप पुस्तकालय एवं वाचनालय परिसर में राष्ट्रीय कवि पंडित सोहनलाल द्विवेदी की जयंती मनाई गई। प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि पंडित सोहनलाल द्विवेदी को राष्ट्रीय कवि के रूप में जाना जाता है क्योंकि उनकी कविताओं ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान युवाओं में जोश भर दिया था। उनकी प्रसिद्ध रचनाएं भैरवी, पूजा गीत, प्रभाती, युगाधार, विषपान और दूध बताशा है। वह महात्मा गांधी से अत्यधिक प्रभावित थे और उन्होंने युगा अवतार गांधी जैसी रचनाएं रची। उनकी प्रसिद्ध पंक्तियां चल पड़े जिधर दो डगमग पग, चल पड़े कोटि पग उसी ओर। वंदना के इन स्वरों में एक स्वर मेरा मिला लो है। इस मौके पर नगर पालिका परिषद बिंदकी की चेयरमैन राधा साहू, राष्ट्रकवि पंडित सोहनलाल द्विवेदी के पौत्र मुकेश द्विवेदी, पौत्री आकांक्षा द्विवेदी, पौत्रवधू शालिनी द्विवेदी के अलावा नगर पालिका परिषद बिंदकी के चेयरमैन पति रामकुमार साहू, पूर्व चेयरमैन मुन्नालाल सोनकर, भाजपा के बिंदकी मंडल अध्यक्ष पूरन सिंह, भाजपा नेत्री स्वामी ओमर, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुल्तान सिंह, अधिवक्ता अरुण द्विवेदी, समाजसेवी लक्ष्मी चंद्र उर्फ मोना ओमर, अशोक द्विवेदी, अनूप अग्रवाल, कल्लू शुक्ला, सुरेश गुप्ता, गुड्डन मिश्रा मौजूद रहे।

# कायाकल्प अवार्ड सर्टिफिकेशन के लिए सीएचसी धाता का राज्य स्तरीय टीम ने किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

धाता/फतेहपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) धाता का शुक्रवार को कायाकल्प अवार्ड सर्टिफिकेशन के लिए राज्य स्तरीय टीम ने निरीक्षण किया।




टीम ने अस्पताल में मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं, साफ–सफाई, दवा उपलब्धता, लैब जांच और रिकॉर्ड व्यवस्था का गहनता से जायजा लिया। राज्य स्तरीय टीम के असेसर डॉ. अजय मौर्या, डॉ. आसिफ तथा मोहम्मद आबिद ने सबसे पहले अस्पताल की लैब का निरीक्षण किया। उन्होंने लैब में की जा रही विभिन्न प्रकार की जांचों, उपकरणों की स्थिति, जांच से जुड़े रिकॉर्ड, स्टॉक रजिस्टर तथा बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन की व्यवस्था को बारीकी से देखा। टीम ने मौजूद मरीजों से भी बातचीत कर उन्हें मिलने वाली सेवाओं की गुणवत्ता के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद टीम ने फार्मेसी का निरीक्षण किया। यहां दवाओं की उपलब्धता, गुणवत्ता, स्टॉक रजिस्टर, एक्सपायरी डेट रजिस्टर समेत अन्य आवश्यक रिकॉर्ड का परीक्षण किया गया। टीम ने दवाओं के स्टॉक का भौतिक सत्यापन भी किया और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। राज्य स्तरीय टीम ने प्रसव इकाई और प्रसवोत्तर यूनिट का भी निरीक्षण किया। इस दौरान साफ–सफाई की व्यवस्था, उपकरणों की उपलब्धता और उनकी क्रियाशीलता, प्रसव से जुड़े आवश्यक रिकॉर्ड और व्यवस्थाओं की जांच की गई। इसके अलावा डेंटल यूनिट का भी निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली गई। टीम ने अस्पताल परिसर में स्थित कोल्ड चेन प्वाइंट का भी भौतिक निरीक्षण किया तथा वैक्सीन के सुरक्षित रख–रखाव की व्यवस्था को परखा। शिकायत पेटिका और शिकायतों के गुणवत्ता परक निस्तारण की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के दौरान टीम ने बायो मेडिकल वेस्ट का मानकों के अनुरूप समुचित प्रबंधन तथा अस्पताल में साफ–सफाई की निरंतरता बनाए रखने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार, चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनय कुमार सिंह, डॉ. शिव सिंह, डॉ. नंदिनी, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सतीश चंद्र, चीफ फार्मासिस्ट विनय कुमार सिंह, एलटी जितेंद्र सिंह, अतुल कुमार, नर्सिंग ऑफिसर सरोज गौतम, प्रीति, मनोज कुमार सिंह, महेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, एआरओ पवन गुप्ता, बीपीएम तपन कुमार सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष के आवास पर उड़ा अबीर-गुलाल

## - फागुन गीतों के बीच लोगों ने एक-दूसरे को दी बधाई

## - कैबिनेट मंत्री ने समारोह में की शिरकत, हुआ स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। होली के पावन पर्व को लेकर जिले में उत्साह का माहौल बना हुआ है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल के आवास पर होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री का पूर्व जिलाध्यक्ष समेत भाजपाईयों ने भगवान श्रीराम का प्रतीक चिन्ह व पटका पहनाकर स्वागत किया। तत्पष्चात फागुन गीतों की मधुर धुनों के बीच कार्यकर्ताओं और अतिथियों ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने पारंपरिक अंदाज में होली के गीतों का आनंद लिया और आपसी प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि होली का पर्व आपसी सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से समाज में मेल–मिलाप और सद्भाव की भावना मजबूत होती है। कार्यक्रम में भाजपा के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में पूर्व जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रणवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ धुन्नी सिंह, समाजसेवी गोपाल गुप्ता, राकेश



वर्मा एडवोकेट, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमित शिवहरे, अजय सिंह उर्फ रिंकू लोहारी, व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश दुबे, मनोज मिश्रा, स्वरूप राज सिंह जूली, विवेक श्रीवास्तव, मनोज गांधी, देवनाथ धाकड़े, सीमू सिंह चंदेल, नीरज सिंह, विक्रम सिंह चंदेल, अभिषेक श्रीवास्तव, प्रदीप गर्ग, सीपीएस के प्रबंधक संजय श्रीवास्तव, भारत श्रीवास्तव, राजेश सिंह, चंदन सिंह, नितिन सिंह, शिंपू शिवहरे, विवेक नागर, विनय तिवारी, बबलू कालिया, गुड्डू शिवरानी, नीलू तिवारी, स्वाती ओमर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# रमज़ान का दूसरा अशरा मग़फिरत का पैग़ाम देता है: क़ारी बिलाल नूरी

## - सुल्तानपुर घोष के पेश इमाम ने रोज़ेदारों को इबादत, तौबा और अल्लाह से माफी मांगने की दी नसीहत



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पवित्र रमज़ान माह के दूसरे अशरे (मग़फिरत का अशरा) के शुरू होते ही मुस्लिम समाज में इबादत और तौबा की भावना और भी बढ़ जाती है। फतेहपुर जनपद की खागा तहसील क्षेत्र के सुल्तानपुर घोष गांव के पेश इमाम क़ारी बिलाल नूरी ने रमज़ान के दूसरे अशरे की अहमियत बताते हुए कहा कि यह अशरा अल्लाह की मग़फिरत यानी माफी हासिल करने का बेहतरीन मौका होता है। क़ारी बिलाल नूरी ने बताया कि रमज़ान का महीना तीन अशरों में बांटा गया है। पहला अशरा रहमत (अल्लाह की दया) का होता है, दूसरा अशरा मग़फिरत (माफी) का और तीसरा अशरा जहन्नम से निजात का होता है। उन्होंने कहा कि दूसरे अशरे में मुसलमानों को ज्यादा से ज्यादा तौबा, इस्तिग़फार और इबादत करनी चाहिए ताकि अल्लाह अपने बंदों के गुनाहों को माफ कर दे। उन्होंने कहा कि रोज़ा केवल भूखे–प्यासे रहने का नाम नहीं है, बल्कि यह इंसान को सब्र, संयम और अल्लाह की इबादत की ओर प्रेरित करता है। रमज़ान के दिनों में नमाज़, कुरआन की तिलावत, ज़कात और सदक़ा देने से समाज में भाईचारा और इंसानियत का संदेश फैलता है। क़ारी बिलाल नूरी ने रोज़ेदारों से अपील करते हुए कहा कि रमज़ान के दूसरे अशरे में दिल से तौबा करें, अपने गुनाहों के लिए अल्लाह से माफी मांगें और ज्यादा से ज्यादा नेक काम करें। उन्होंने कहा कि अल्लाह अपने बंदों की सच्ची तौबा को बहुत पसंद करता है और इस पाक महीने में की गई इबादत का सवाब कई गुना बढ़ा दिया जाता है। उन्होंने अंत में कहा कि रमज़ान का महीना इंसान को अपनी गलतियों से सीख लेकर नेक रास्ते पर चलने की प्रेरणा देता है। इसलिए हर मुसलमान को चाहिए कि इस मुबारक महीने के हर पल को इबादत, दुआ और इंसानियत की सेवा में बिताए।

# कृषि यंत्रीकरण योजना : ई-लाटरी से कृषकों का हुआ चयन

## - पंजीकृत फर्म से खरीद कर पोर्टल पर बिल करें अपलोड

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में .षि यंत्रीकरण योजना के अंतर्गत गठित जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष वर्ष 2025–26 में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजना एवं प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इन सीटू मैनेजमेन्ट आफ क्राप रेजीड्यू (सीआरएम) योजना के अंतर्गत वर्ष 2025–26 में अनुदान पर यंत्र क्रय करने हेतु 25 फरवरी से 04 मार्च के मध्य आनलाइन बुकिंग करने वाले .षकों का चयन ई–लॉटरी के माध्यम से विकास भवन सभागार में किया गया। उप निदेशक .षि ने बताया कि इन–सीटू एवं एसएमएएम योजनान्तर्गत विभिन्न प्रकार .षि यंत्रों के लक्ष्य के सापेक्ष 55 किसानों ने विभिन्न प्रकार के .षि यंत्रों की बुकिंग की गई, जिसके सापेक्ष 13 किसानों का ई–लॉटरी के माध्यम से विभिन्न प्रकार के .षि यन्त्रों के लाभार्थियों का चयन किया गया। जिसमें 01 आलू खुदाई मशीन, 01 मल्टीक्राप थ्रेसर, 01 लेजर लैण्ड लेवलर, 01 ऑयल मिल विद फिल्टर प्रेस, 01 पावर वीडर, 01 पावर चौफ कटर, 02 आलू बुवाई मशीन, 02 ट्रैक्टर माउन्टेन स्प्रेयर, 01 श्रब मास्टर, 01 क्राप रीपर एवं 01 हैप्पी सीडर हेतु .षकों का चयन किया गया। इसके अतिरिक्त 14 किसानों का लक्ष्य के बराबर बुकिंग होने के कारण निदेशालय स्तर से 05 मार्च को स्वतः चयन किया गया है, जिसमें 01 किसान ड्रोन, 01 रोटावेटर, 01 स्ट्रा रीपर, 02 पावर टिलर, 01 सुपर सीडर, 02 सीड कम फर्टीलाइजर ड्रिल, 02 बेलिंग मशीन, एवं 04 स्ट्रा रेक का चयन किया गया है। उप .षि निदेशक द्वारा किसानों को बधाई देते हुए कहा कि .षि विभाग द्वारा चयनित .षकों को .षि यंत्र मानक के अनुरूप नियमानुसार पंजी.त फर्म से खरीद कर अतिशीघ्र निर्धारित समय सीमा के अन्दर दर्शन 2.0 पोर्टल पर बिल अपलोड करना सुनिश्चित करें जिससे अतिशीघ्र सत्यापन के बाद अनुदान की धनराशि प्रेषित किया जा सके। इसके अतिरिक्त किसानों को यह भी बताया गया कि .षि यंत्र क्रय करने से पूर्व मूल्य का 50 प्रतिशत धनराशि विक्रेता के खाते में स्वयं के बैंक खाते से ही ट्रान्सफर किया जाये। सत्यापन के समय यंत्र विक्रेता फर्म के खाते में प्रेषित धनराशि का साक्ष्य लिया जायेगा। .षि यंत्र क्रय करने से सम्बन्धित किसी भी अन्य प्रकार की जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। इस दौरान ई–लाटरी के समय समिति के सदस्य उप .षि निदेशक/जिला .षि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, एलडीएम, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, उप सम्भागीय .षि प्रसार अधिकारी, प्रगतिशील .षक, सेल्फ हेल्प ग्रुप के प्रतिनिधि सहित विभिन्न विकास खण्डों के यंत्र बुकिंग करने वाले किसान उपस्थित रहे।

# अज्ञात शव की हुई शिनाख्त

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम एकारी के समीप रेलवे ट्रैक से ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने दो दिन पूर्व 50 वर्षीय अज्ञात महिला का षव बरामद कर विच्छेदन गृह भेजा था। जहां वीडियो वायरल होने पर मृतका की पुत्री राखी देवी ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर षव की षिनाख्त अपनी मां ओमवती पत्नी मूलचन्द्र गुप्ता निवासी अंदौली पुलिया के रूप में करते हुए बताया कि उसकी मां का आठ वर्शों से मानसिक संतुलन ठीक नहीं था और एक मार्च को सुबह दस बजे वह घर से निकल गई थीं। काफी ढूढ़ने पर कोई सुराग न लगा। गुरूवार को वीडियो वायरल होने पर उसने षव की षिनाख्त की है। पुलिस ने षव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# फिट इंडिया महिला सप्ताह का आयोजन शुरू

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खेल निदेशालय के निर्देशानुसार स्पोर्ट्स स्टेडियम स्थित खेलो इंडिया केन्द्र पर फिट इंडिया महिला सप्ताह का आयोजन षुरू हो गया। जो आठ मार्च तक चलेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं में फिटनेस, स्वास्थ्य जागरूकता, आत्मरक्षा व आत्मविष्वास को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के अंतर्गत योग, फिटनेस गतिविधियां, जागरूकता सत्र, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, साइक्लिंग वॉक तथा सामुदायिक सहभागिता से संबंधित विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, साइबर सुरक्षा से संबंधित जानकारी भी प्रदान की जाएगी। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने जनपद की सभी महिलाओं, बालिकाओं, छात्राओं, खेल प्रेमियों एवं नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर इस अभियान को सफल बनाएं और फिट इंडिया आंदोलन को आगे बढ़ाएं।

# महिला जनसुनवाई नौ को

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला प्रोबेशन अधिकारी ऋषान्त कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति द्वारा महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा, महिला जनसुनवाई, जागरूकता चौपाल, निरीक्षण आदि किया जाना है। महिला जनसुनवाई नौ मार्च को पूर्वान्ह ग्यारह बजे सदस्य द्वारा पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस (सर्किट हाउस) जीटी रोड में की जाएगी।

# प्रेमी के साथ गई युवती ने मांगी सुरक्षा

## – आत्महत्या करने पर जिम्मेदार होंगे थानेदार

न्यूज वाणी ब्यूरो

जाफरगंज, फतेहपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती 26 मार्च को अपने प्रेमी के साथ रफूचक्कर हो गई थी। उधर खोजबीन में जुटे परिजनों ने युवती को नाबालिक बताते हुए अपने ही चार रिश्तेदारों के विरुद्ध बहला फुसलाकर भगा ले जाने और उसका सहयोग करने का आरोप लगा थाने में रेहान रजा, नौशाद कसाई, जुग्गन, फखरुद्दीन निवासी गढ़ी खूंटा के विरुद्ध मुकदमा पंजी.त करवाया। उधर जैसे ही मुकदमे की भनक युवती को लगी तो उसने लगातार दो वीडियो और अपना जन्म प्रमाण पत्र सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया और गुहार लगाई कि परिजनों और थानेदार से लड़के व लड़के के परिजनों को खतरा है। ऐसी दशा में यदि वो आत्महत्या करती है तो उसके जिम्मेदार थाना प्रभारी धनंजय सरोज होंगे। आरोप है कि वीडियो वायरल होने के बाद थाना प्रभारी ने लड़के के मामी, 70 वर्षीय नानी, 11–12 वर्षीय दो छात्राओं के विरुद्ध घर में घुसकर मारपीट करने व जान से मार देने की धमकी देने सहित गंभीर आरोपों में दुबारा मुकदमा पंजी.त किया है। इस मामले में थाना प्रभारी धनंजय सरोज ने बताया कि आधार कार्ड में नाबालिक होने की वजह प्रथम .श्यता मुकदमा पंजी.त किया गया है। मामले की जांच की जा रही है, विधिसंगत कार्यवाही की जाएगी।

# अमर शहीद ठा0 दरियाव सिंह का मनाया बलिदान दिवस

## – कवि सम्मेलन में कवि एवं साहित्यकारों ने बांधी समा

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। अमर शहीद ठाकुर दरियाव सिंह का 169 वां बलिदान दिवस स्मारक स्थल पर मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक .ष्णा पासवान, विशिष्ट अतिथि साहित्यकार गया प्रसाद सनेही व चेयरमैन गीता सिंह रहीं। संचालन महेंद्र नाथ त्रिपाठी ने किया। समिति के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार सिंह की पुस्तक




राजनीति का धर्म और धर्म की राजनीति का विमोचन किया गया। समिति के मंत्री राम प्रताप सिंह व अशोक सिंह ने ठाकुर दरियाव सिंह और उनके पुत्र सुजान सिंह के 1857 की क्रांति के संघर्ष और उनके बलिदान पर प्रकाश डाला। जिला जेल में समिति के मंत्री राम प्रताप सिंह के नेतृत्व में बलिदान दिवस का कार्यक्रम किया गया। इसमें संगठन मंत्री ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, धर्मेंद्र सिंह रहे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के उपरांत कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। संयोजक समिति के उपाध्यक्ष महेंद्र नाथ त्रिपाठी रहे। कवियों में शिवकिशोर तिवारी खंजन बाराबंकी, दुष्यंत शुक्ल सिंघनादी, शिवशरण बंधु फतेहपुर, हरिबहादुर सिंह हर्ष प्रतापगढ़, अभिजीत मिश्र प्रयागराज, मोहित तिवारी खागा आदि ने अपनी ओज पूर्ण काव्यधारा से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर अजय त्रिपाठी, परमहंस सिंह, राजेन्द्र सिंह, फूलचंद्र पाल, रामरूप सिंह, श्याम सनेही गुप्त, नरेन्द्र सिंह, हीरालाल गुप्त, रामचंद्र, उमेश मौर्य, गजेंद्र सिंह, सुभाष मौर्य, योगेंद्र कुमार, रामलखन त्रिपाठी, शिवकरण, रामचंद्र सिंह, शिव बहादुर सिंह आदि उपस्थित रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )